शनिवार
30 सितंबर 2023

केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज

सेब के आड़ में शराब तस्करी 50 लाख की शराब बरामद

3

लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसद आरक्षण

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिला आरक्षण बिल को दी मंजूरी

एजेंसी/नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) को मंजूरी दे दी। इस कानून के लागू होने पर लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा। बिल के संसद से पास होने पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा था कि यह लैंगिक न्याय के लिए हमारे समय की सबसे परिवर्तनकारी क्रांति होगी। भारत सरकार ने इस संबंध में गजट अधिसूचना जारी की है। नारी शक्ति वंदन अधिनियम विधेयक को गुरुवार को उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ के हस्ताक्षर के बाद राष्ट्रपति के पास उनके अनुमोदन के लिए भेजा गया था। जिसके बाद राष्ट्रपति ने अपनी मंजूरी दी।

सरकार ने हाल में 18 से 22 सितंबर तक के लिए संसद का विशेष सत्र बुलाया था। इस दौरान दो ऐतिहासिक काम हुए। एक पुराने संसद भवन से कामकाज संसद की नई इमारत में शिफ्ट किया गया और दूसरा दोनों सदनों से महिला आरक्षण बिल पास हुआ। यह विधेयक 20 सितंबर को लोकसभा और 21 सितंबर को राज्यसभा में पारित हुआ था। किसी भी विधेयक के संसद के दोनों सदनों से पारित होने के बाद उसे राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा जाता है ताकि वो कानून बन सके।

कानून को अमल में लाने के लिए करनी होगी दो शर्तें पूरी

राष्ट्रपति की मंजूरी के बाद यह कानून भी बन गया है, लेकिन इसको अमल में लाने से पहले दो शर्तों को पूरा करना होगा। ये शर्तें जनगणना और परिसीमन की हैं, जिन्हें पूरा करने में कई साल लग सकते हैं। नारी शक्ति वंदन कानून के प्रभावी होने की दो शर्तें रखी गई हैं। इसके मुताबिक महिला आरक्षण कानून आगामी जनगणना के बाद लागू होगा। कानून बनने के बाद होने वाली जनगणना के बाद आरक्षण लागू करने के लिए नए सिरे से परिसीमन होगा। परिसीमन के आधार पर ही महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीटें आरक्षित की जाएंगी। लोकसभा की 543 सीटों में से 181 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। यह आरक्षण 15 साल तक रहेगा। इसके बाद संसद चाहे तो इसकी अवधि बढ़ा सकती है।

लोस की 543 में से 181 सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित

नारी शक्ति वंदन अधिनियम लागू होने के बाद आरक्षण सीधे चुने जाने वाले जनप्रतिनिधियों के लिए लागू होगा। वहीं, राज्यसभा और राज्यों की विधान परिषद दायरे में नहीं आएंगी। गौरतलब हो कि महिला आरक्षण से संबंधित 128वां संविधान संशोधन विधेयक 21 सितंबर को राज्यसभा में पारित किया गया था। बिल के पक्ष में 214 वोट पड़े, जबकि किसी ने भी बिल के खिलाफ वोट नहीं डाला था। इससे पहले 20 सितंबर को विधेयक को लोकसभा से मंजूरी मिल गई थी। इसके पक्ष में 454 और विरोध में दो वोट पड़े थे। विरोध में एआईएमआईएम प्रमुख और हैदराबाद सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने वोट डाला और उनकी पार्टी के ही एक और सांसद ने विरोध में वोट दिया था।

पीएम ने विधेयक को नई ऊर्जा देने वाला करार किया था

जानकारों की मानें तो यह 2029 के लोकसभा चुनाव के आसपास अमल में आ सकेगा, जबकि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस समेत कई पार्टियों ने इसे जल्द से जल्द लागू करने की मांग की है, साथ ही यह भी कहा है कि इसमें ओबीसी और मुस्लिम महिलाओं को भी शामिल करना चाहिए। संसद में चली चर्चा के अंत में प्रधानमंत्री मोदी ने इस विधेयक को देश की नारी शक्ति को नयी ऊर्जा देने वाला करार देते हुए कहा था कि इससे महिलाएं राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए नेतृत्व के साथ आगे आएंगी। उन्होंने इस विधेयक का समर्थन करने के लिए सभी सदस्यों का हृदय से अभिनंदन और हृदय से आभार व्यक्त किया था। पीएम मोदी ने कहा कि यह जो भावना पैदा हुई है यह देश के जन जन में एक आत्मविश्वास पैदा करेगी।

4.77 करोड़ से अधिक हेल्थ अकाउंट बनाकर यूपी प्रथम

केटी न्यूज स्टेट ब्यूरो/लखनऊ

प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) को बेहतर ढंग से धरातल पर उतारने में जुटे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों का असर दिखने लगा है। प्रदेश ना सिर्फ आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट निर्मित करने में देश में नंबर एक स्थान पर है, बल्कि हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स के रजिस्ट्रेशन, डिजिटल हेल्थ इंन्सेंटिव स्कीम और स्कैन एंड शेयर टोकन जनरेट करने में भी उत्तर प्रदेश पूरे देश में नंबर वन पोजिशन पर पहुंच गया है। बता दें कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं समय समय पर प्रदेश पीएमजेएवाई को लेकर किये जा रहे कार्यों की ना सिर्फ समीक्षा करते हैं बल्कि अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी जारी करते हैं।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश 4,77,19,482 आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट (एबीएचए) जनरेट करके पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। जबकि आंध्र प्रदेश दूसरे, मध्य प्रदेश तीसरे, महाराष्ट्र चौथे और गुजरात पांचवें, पश्चिम बंगाल छठे, कर्नाटक सातवें और ओडिशा आठवें स्थान पर है। वहीं इन 4.77 करोड़ अकाउंट्स के अंतर्गत 2.73 करोड़ से ज्यादा लोगों के हेल्थ रिकॉर्ड को भी अपडेट किया जा चुका है। इस मामले में भी यूपी देश के टॉप थ्री राज्यों में है। मध्य प्रदेश, बिहार, छत्तीसगढ़ और गुजरात इस मामले में उत्तर प्रदेश से काफी पीछे हैं।

- आयुष्मान भारत योजना में उत्तर प्रदेश कई श्रेणियों में देश में नंबर वन
- पीएमजेएवाई को बेहतर ढंग से धरातल पर उतारने में जुटी योगी सरकार

अधिक से अधिक प्राइवेट हेल्थ सेंटर को जोड़ने में जुटी योगी सरकार : इसी प्रकार हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स रजिस्ट्रेशन (एचपीआर) के मामले में भी उत्तर प्रदेश देश में प्रथम स्थान पर है। प्रदेश में कुल 42,741 हेल्थकेयर प्रोफेशनल्स का रिजिस्ट्रेशन आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत किया जा चुका है। इसमें 10 हजार से अधिक डॉक्टर और 32 हजार से अधिक नर्सिंग स्टाफ शामिल हैं। वहीं हेल्थ फैसिलिटी रजिस्ट्रेशन (एचएफआर) के मामले में यूपी देश में दूसरे स्थान पर है। प्रदेश में 38,863 हेल्थ फैसिलिटी सेंटरों को रजिस्टर किया जा चुका है। इनमें सरकार और प्राइवेट स्वास्थ्य सुविधा केंद्र शामिल हैं। महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्रप्रदेश और मध्य प्रदेश क्रमशः तीसरे, चौथे, पांचवें और छठे स्थान पर हैं। कर्नाटन प्रथम स्थान पर है। योगी सरकार का लक्ष्य है कि जितनी जल्दी हो सके प्रदेश के अधिक से अधिक प्राइवेट स्वास्थ्य केंद्रों को आयुष्मान भारत योजना के साथ जोड़ा जाए।

मनप्रीत सिंह के आवास पर विजिलेंस का छापा

चंडीगढ़। विजिलेंस विभाग ने पंजाब के पूर्व मंत्री और बीजेपी नेता मनप्रीत सिंह बादल के चंडीगढ़ स्थित आवास पर छापेमारी की। चंडीगढ़ के डीएसपी कुलवंत सिंह ने कहा कि हमें यहां पर कुछ भी नहीं मिला। उन्होंने जमानत याचिका दायर की है और इसे 4 अक्टूबर के लिए सूचीबद्ध किया गया है. हम अदालत में इसका विरोध करेंगे। इससे पहले शिमला में बादल के ठिकानों पर पंजाब विजिलेंस ने रेड की। दरअसल, पंजाब विजिलेंस को शक है कि मनप्रीत सिंह बादल विदेश जाने की फिराक में हैं। इससे पहले विजिलेंस उन्हें ढूंढने के लिए अलग-अलग जगह पर छापेमारी कर रही है। शिमला के खलीनी में छापेमारी की गई। बता दें कि पंजाब की एक अदालत ने मंगलवार को मनप्रीत बादल के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। वो बठिंडा में एक संपत्ति की खरीद में अनियमितताओं के आरोप का सामना कर रहे हैं।

पोस्ट ऑफिस के पांच साल के आरडी की ब्याज दर 6.5 से बढ़कर 6.7 फीसदी हुई

एजेंसी/नई दिल्ली

- वित्त मंत्रालय ने की अक्टूबर से दिसंबर के लिए छोटी बचत योजनाओं के ब्याज दरों की घोषणा

वित्त मंत्रालय ने मौजूदा वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही अक्टूबर से दिसंबर के लिए छोटी बचत योजनाओं के ब्याज दरों की घोषणा कर दी है। और इस अवधि के लिए केवल पोस्ट ऑफिस के पांच साल के रेकरिंग डिपॉजिट के ब्याज दरों में 20 बेसिस प्वाइंट की बढ़ोत्तरी करने का फैसला लिया गया है। वहीं पीपीएफ, सुकन्या समृद्धि योजना समेत किसान विकास पत्र के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला लिया गया है। वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग ने अक्टूबर से दिसंबर तिमाही के लिए ब्याज दरों की घोषणा कर दी है। पांच साल के रेकरिंग डिपॉजिट के ब्याज दरों को 6.5 फीसदी से बढ़ाकर 6.7 फीसदी कर दिया गया है। ब्याज दरों में 20 बेसिस प्वाइंट की बढ़ोतरी की गई है। जबकि पोस्ट ऑफिस की अलग अलग अवधि वाले डिपॉजिट स्कीमों के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं करने का फैसला लिया गया है।

सुकन्या समृद्धि योजना पर 8 फीसदी ब्याज मिलेगा : एक अक्टूबर से लेकर 31 दिसंबर के दौरान सुकन्या समृद्धि योजना पर 8 फीसदी ब्याज मिलेगा। नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट पर 7.7 फीसदी ब्याज दर को बरकरार रखा गया है। किसान विकास पत्र में निवेश करने वालों के 7.5 फीसदी ब्याज मिलेगा और ये 115 महीने में मैच्योर करेगा। सीनियर सिटीजन सेविंग स्कीम 8.2 फीसदी ब्याज इस तिमाही में मिलेगा। पोस्ट ऑफिस की मंथली इनकम अकाउंट स्कीम में निवेश पर 7.4 फीसदी ब्याज मिलेगा। एक साल की मियाद वाली डिपॉजिट पर 6.9 फीसदी, 2 साल की अवधि वाले डिपॉजिट पर 7 फीसदी, 3 वर्ष के अवधि वाले डिपॉजिट पर 7 फीसदी और पांच साल की मियाद वाली डिपॉजिट स्कीम पर 7.5 फीसदी ब्याज मिलेगा।

वहीं, जानकारी के अनुसार, एक बार फिर पीपीएफ के ब्याज दरों में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है और इसमें निवेश करने वाले निवेशकों को केवल 7.1 फीसदी ब्याज मिलेगा। अप्रैल 2020 के बाद से ही पीपीएफ के ब्याज दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है जबकि इस दौरान आरबीआई ने रेपो रेट में 2.50 फीसदी की बढ़ोतरी की है। सरकार ने सभी बचत योजनाएं के ब्याज दरों को बढ़ाया है, लेकिन पीपीएफ में निवेश करने वाले निवेशकों को निराशा हाथ लगी है।

फंड की कमी के कारण अफगान दूतावास ऑपरेशंस सस्पेंड करने को हुआ मजबूर

एजेंसी/दिल्ली

भारत में अफगान दूतावास अपने सभी ऑपरेशंस को सस्पेंड करने के लिए मजबूर है। उसके राजनयिकों के सामने संकट खड़ा हो गया है. वे देश छोड़ने को मजबूर हुए हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, दूतावास के तीन अधिकारियों ने शुक्रवार को कहा कि भारत में अफगान दूतावास ने के राजदूत और अन्य वरिष्ठ राजनयिकों के देश छोड़ने के बाद यूरोप और अमेरिका में शरण ले ली है और दिल्ली में रिचालन निलंबित कर दिया गया है। वहीं, टीओआई ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि दूतावास दो साल से फंड की कमी से जूझ रहा था और इसे पिछली अशरफ गनी सरकार की ओर से नियुक्त राजनयिकों के जरिये चलाया जा रहा था. अशरफ गनी सरकार को 2021 में तालिबान ने उखाड़ फेंका था।

ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, यह घटनाक्रम तालिबानी राजनयिकों के जिम्मेदारी संभालने के लिए रास्ता साफ कर सकता है। हालांकि, भारत ने अगस्त 2021 में अफगानिस्तान में सत्ता पर कब्जा करने वाली तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है। अफगान दूतावास ने ताजा घटनाक्रम के बारे में एबीपी न्यूज के साथ जानकारी साझा की है। दूतावास ने कहा कि राजदूत 18 जून, 2023 से मौजूद नहीं हैं, इस अवधि के दौरान एक कार्यवाहक राजदूत सक्रिय रूप से मिशन के संचालन की देखरेख कर रहे हैं।

यौन संबंधों के लिए सहमति की उम्र में बदलाव करना ठीक नहीं : विधि आयोग

एजेंसी/नई दिल्ली

विधि आयोग ने केंद्र सरकार को सहमति से सेक्स की उम्र में कोई बदलाव ना करने की सलाह दी है। विधि आयोग ने सरकार को सलाह दी है कि यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत यौन संबंधों के लिए सहमति की मौजूदा उम्र में बदलाव नहीं किया जाए। इससे बाल विवाह और बाल तस्करी के खिलाफ लड़ाई पर नकारात्मक असर पड़ेगा। देश में सहमति की उम्र अभी 18 वर्ष है। साथ ही विधि आयोग ने 16 से 18 वर्ष की आयु के किशोरों की मौन स्वीकृति से संबंधित पॉक्सो मामलों में सजा के विषय में निर्देशित न्यायिक विवेक लागू करने का सुझाव दिया।

LAW COMMISSION OF INDIA

आयोग ने अदालतों को उन मामलों में सतर्कता बरतने की सलाह दी, जहां यह पाया जाए कि किशोरावस्था के प्रेम को नियंत्रित नहीं किया जा सकता और इसका आपराधिक इरादा नहीं रहा होगा। हालांकि, आयोग ने कहा कि कड़े अधिनियम में कुछ संशोधन लाने की आवश्यकता है, विशेष रूप से उन मामलों से निपटने के लिए, जहां 16 से 18 वर्ष की आयु के बच्चे द्वारा मौन स्वीकृति तो है लेकिन कानूनी सहमति नहीं है। ऐसे मामलों के लिए विधि आयोग ने निर्देशित न्यायिक विवेक का सुझाव दिया। इसने अदालतों को उन मामलों में भी सावधानी बरतने की सलाह दी जहां यह देखा गया है कि किशोर प्रेम यानी एडोलसेंट लव को कंट्रोल नहीं किया जा सकता है और आपराधिक इरादा गायब हो सकता है।

चीफ जस्टिस की चिंता : गौरतलब है कि पिछले साल दिसंबर में चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ ने संसद से पॉक्सो अधिनियम के तहत सहमति की उम्र से संबंधित बढ़ती चिंताओं को दूर करने का आग्रह किया था। चीफ जस्टिस ने कहा था कि बेशक आप जानते हैं कि पॉक्सो एक्ट 18 साल से कम उम्र के लोगों की सभी सेक्सुअल एक्टिविटीज को अपराध मानता है, भले ही इसके लिए दो नाबालिगों के बीच सहमति हो या नहीं। एक जज के रूप में मेरे कार्यकाल में मैंने देखा कि इस तरह के मामले जजों के सामने मुश्किल सवाल खड़े करते हैं।



भारत और कनाडा विवाद पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने दी अपनी प्रतिक्रिया, कहा-

कनाडाई प्रधानमंत्री ने जो आरोप लगाए हैं वो निराधार

- जयशंकर ने एंटनी ब्लिंकन व जेक सुलिवन से की थी मुलाकात

एजेंसी/नई दिल्ली

भारत और कनाडा विवाद पर विदेश मंत्री एस जयशंकर ने एक बार फिर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने दो टूक कहा है कि कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने जो आरोप लगाए हैं वो निराधार हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ भारत-कनाडा राजनयिक विवाद पर चर्चा की। इस दौरान हमने अपनी चिंता से अवगत करा दिया। जयशंकर ने गुरुवार को एंटनी ब्लिंकन और जेक सुलिवन से मुलाकात की थी।

विदेश मंत्री ने कहा कि आज मैं वास्तव में ऐसी स्थिति में हूं जहां मेरे राजनयिक कनाडा में दूतावास या वाणिज्य दूतावास जाने में असुरक्षित हैं। उन्हें सार्वजनिक रूप से डराया-धमकाया जाता है और इसने वास्तव में मुझे कनाडा में वीजा संचालन को भी अस्थायी रूप से निलंबित करने के लिए मजबूर किया है। वाशिंगटन डीसी में हडसन इंस्टीट्यूट में बात करते हुए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने भारत-कनाडा विवाद पर कहा कि कनाडाई प्रधानमंत्री ने पहले निजी तौर पर और फिर सार्वजनिक रूप से कुछ आरोप लगाए और हमने उनको दोनों तरीकों निजी और सार्वजनिक रूप से प्रतिक्रिया दी। वह जो आरोप लगा रहे थे वो हमारी नीति के अनुरूप नहीं थे। अगर उनके, उनकी सरकार के पास कुछ प्रासंगिक और विशेष था जिसे वे चाहते थे कि हम देखें तो हम उस पर विचार करने के लिए तैयार थे।

कुछ वर्षों में विवाद का प्रचलन वापस आ गया

जयशंकर ने कहा कि कनाडा के साथ यह कई वर्षों से बड़ा विवाद का मुद्दा रहा है। लेकिन पिछले कुछ वर्षों में यह बहुत प्रचलन में वापस आ गया है। इसकी वजह से हमें लगता है कि कनाडा का आतंकवादियों, चरमपंथी लोगों के प्रति एक बहुत ही उदार रवैया हैं जो खुले तौर पर हिंसा की वकालत करते हैं और कनाडा की राजनीति की मजबूरियों की वजह से उन्हें वहां ऑपरेटिंग स्पेस दिया गया है। पिछले दिनों कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता का आरोप लगाया था। निज्जर की हत्या जून में कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया में गोली मारकर कर दी गई थी। ट्रूडो ने बगैर सबूत पेश किए भारत पर आरोप लगाया था, जिस पर भारत ने करारा जवाब देते हुए उनके आरोपों को बेतुका करार दिया था। कनाडा और भारत ने एक-दूसरे के राजनयिकों को भी निष्कासित कर दिया था। तब से दोनों देशों के बीच स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है।

आरजेडी से सांसद मनोज झा के बयान पर राजनीति जारी

बोले संजय - सोच कर बोलना चाहिए

ललन ने कहा... मनोज झा गलत नहीं

केटी न्यूज/पटना

आरजेडी से सांसद मनोज झा ने बीते गुरुवार को राज्यसभा में 'ठाकुर' को लेकर कविता सुनाई थी। जिसके बाद मामले पर राजनीति गरमा गई है। अब भाजपा के खिलाफ चलने वाले मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जनता दल यूनाइटेड में भी इस मुद्दे को लेकर दरार दिखने लगी है। हालांकि नीतीश कुमार हर बार यह कहते आए हैं कि हमें सभी पार्टियों के एकजुट करना है और बीजेपी को परास्त करना है. वहीं, जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह भी नीतीश कुमार के साथ हैं, लेकिन अभी की बदली हुई पतिस्थिति कुछ और बयां कर रही है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू में भी दरार दिखने लगी है।

जनता दल यूनाइटेड के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने गुरुवार मनोज झा के ठाकुर वाले स्पीच पर जमकर समर्थन किया था और उन्होंने कहा

था कि मनोज झा ने कोई गलत नहीं कहा है तो वहीं, जेडीयू कोटे के मंत्री संजय झा और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी संजय झा ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के बयान को खंडन किया। उन्होंने कहा कि मनोज झा को इस तरह का बयान देने के पहले सोचना चाहिए था।

यह उनका वक्तव्य नहीं: ललन

मनोज झा के बयान पर आरजेडी के विधायक चेतन आनंद ने कहा था कि इस तरह का हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसके बाद जेडीयू के विधान परिषद और प्रवक्ता संजय सिंह ने भी कहा था कि हम लोग ने चूड़ियां नहीं पहनी है इसका मुंह तोड़ जवाब देंगे, लेकिन जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने मनोज झा का समर्थन करते हुए कहा कि उनके बयान को गलत ढंग से परोसा जा रहा है। उनका उद्देश्य किसी समाज को इंगित करने का नहीं था। ललन सिंह ने कहा कि यह उनका वक्तव्य भी नहीं है, यह उनकी राय भी नहीं है. वह तो भाषण के दौरान एक कविता पढ़े हैं और उन्होंने यह भी कहा है कि मान लीजिए कि मैं ठाकुर हूं तो उनका बयान किसी ठाकुर समाज को इंगित करने का नहीं है। ललन सिंह ने कहा कि मनोज झा के बोलने के सात दिन बाद अब चर्चा उठ रही है। यह बीजेपी का कंफ्यूज कर रही है।

संजय झा ने मनोज झा का नहीं दिए साथ

जेडीयू कोटा के जल संसाधन मंत्री संजय झा ने अपने ही पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के बातों को खंडन कर दिया। उन्होंने कहा कि मनोज झा को कोई भी बयान देने के पहले सोचना चाहिए था। संजय झा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हमेशा से सभी धर्म सभी जाति के लोगों को सम्मान करते आए हैं। उन्होंने कहा कि मेरा मानना है कि जब भी कोई बात रखें तो ऐसा रखें कि किसी समाज को आहत नहीं पहुंचे। हमने उनका स्पीच भी देखा है, लेकिन हम यह कहना चाहेंगे कि आपको किसी भी जगह पर कोई भी बात रखते हैं तो ऐसी बात को रखें जिससे किसी समाज को आहत नहीं पहुंचे। पब्लिक लाइफ में अगर हम कोई बात को रखते हैं तो ऐसी बात को रखेंगे, जिससे किसी एक वर्ग को दिक्कत ना हो।

ललन सिंह के खिलाफ बयान देना कुछ नया संकेत दे रहा है : जेडीयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह के बयान को पार्टी की एक मंत्री ने खंडन किया यह सबसे बड़ा सवाल है, क्योंकि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष की एक गरिमा होती है लेकिन लगातार देखा जा रहा है कि उनके पार्टी के नेता और मंत्री ललन सिंह का लगातार विरोध कर रहे हैं। कुछ दिन पहले भवन निर्माण मंत्री अशोक चौधरी ने भी उनका जमकर विरोध किया था और ऐसी खबरें आई थी कि दोनों के बीच जमकर तू-तू मैं-मैं हुआ था। आज अशोक चौधरी ने बरबीघा में भी सीधे तौर पर कहा कि हम बरबीघा आते रहेंगे।

दो बहनों ने लगाई फांसी, एक की मौत

समस्तीपुर। नगर थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 22 अंबेडकर नगर मोहल्ला में घरेलू कलह के बाद दो बहनों ने फांसी लगा ली। घटना में एक की मौत हो गई और दूसरी इलाजरत है। मृतका की पहचान राजू प्रसाद केसरी की बेटी खुशी कुमारी के रूप में हुई है, जबकि उसकी बहन शालू कुमारी इलाजरत है। बाद में पुलिस पहुंची और छानबीन में जुट गई है।

घर में दोनों बहन अकेली थी। उसकी मां दिल्ली में रहती है और उसके पिता घर पर ही किराने की दुकान चलाते हैं। उसके पिता आज सुबह ट्रेन से दिल्ली गए थे। घर में चचेरी बहन के साथ हुए विवाद के बाद उसके चाचा और चाची ने दोनों के साथ मारपीट की। इसके आक्रोश में आकर दोनों बहनों ने घर के पंखे में लगे रॉड में फांसी लगा ली। शोर सुनकर पहुंचे आस पास के लोगों ने जब देखा कि दोनों बहन फंदे से झूल रही हैं तो आनन-फानन में फंदे को काटकर दोनों को उतारा गया। तब तक एक की मौत हो चुकी थी। वहीं, दूसरी लड़की की सांसे चलता देख उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

बिहारशरीफ में सीएम ने किया चंद्रिका पावर के इथेनॉल उत्पादन प्रतिष्ठान का शुभारंभ

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहारशरीफ के दीपनगर थाना क्षेत्र के फतेहली ग्राम में चंद्रिका पावर के इथेनॉल उत्पादन प्रतिष्ठान का शिलापट्ट अनावरण कर शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने चंद्रिका पावर के इथेनॉल उत्पादन प्रतिष्ठान की व्यवस्थाओं की जानकारी ली। इस अवसर पर वित्त, वाणिज्य कर एवं संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी, जल संसाधन सह सूचना एवं जन-सम्पर्क मंत्री संजय कुमार झा, उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ, ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार, सांसद कौशलेन्द्र कुमार, विधायक राकेश कुमार रौशन, विधान पार्षद रीना देवी, पूर्व विधायक एवं जदयू नेता राजीव रंजन, पूर्व विधायक रवि ज्योति, पूर्व विधायक ई. सुनील कुमार, पूर्व विधायक चन्द्रसेन प्रसाद, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त परामर्शी मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ. एस. सिद्धार्थ, उद्योग विभाग के अपर मुख्य सचिव संदीप पौण्ड्रिक, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, नालंदा के जिलाधिकारी शशांक शुभंकर, नालंदा जिले के पुलिस अधीक्षक अशोक मिश्रा सहित अन्य जन प्रतिनिधिगण एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

चुनाव के पहले गठबंधन के नेताओं का मिलना हुआ तेज

केटी न्यूज/पटना

आम तौर पर चुनाव के एक-दो महीने पहले गठबंधन के नेताओं की मुलाकात का सिलसिला तेज होता है। अगले साल संभावित लोकसभा चुनाव में अभी काफी वक्त है, ऐसे में नेताओं के बीच तेज हुए मुलाकात को लेकर मायने निकाले जाने लगे हैं। हाल के दिनों में देखे तो मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राबड़ी आवास पहुंचे थे, हालांकि इस दिन आरजेडी अध्यक्ष लालू प्रसाद से मुलाकात नहीं हो सकी थी।

इसके एक दिन के बाद नीतीश कुमार फिर से पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी आवास पहुंच गए। इस दिन लालू प्रसाद से उनकी मुलाकात हुई और दोनों नेताओं के बीच करीब आधे

घंटे तक बातचीत हुई। इस दौरान, आम तौर पर देखा जाए तो नीतीश कुमार आरजेडी अध्यक्ष लालू प्रसाद से मिलने पहुंचते रहे हैं, लेकिन गुरुवार को लालू प्रसाद अचानक मुख्यमंत्री आवास पहुंच गए और नीतीश कुमार से मुलाकात की। इस दिन भी दोनों नेताओं की अकेले में 30 से 35 मिनट तक बातचीत हुई। इन मुलाकातों के बाद लालू प्रसाद की पार्टी आरजेडी के नेताओं ने शुक्रवार को नीतीश कुमार को पीएम उम्मीदवार के लिए सबसे योग्य बताकर सियासत को गर्म कर दिया।

इस बीच, भाकपा के राष्ट्रीय महासचिव डी. राजा ने बुधवार को आरजेडी अध्यक्ष लालू प्रसाद से मुलाकात की और केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ लड़ाई तेज करने को लेकर चर्चा की। विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' में शामिल दलों के नेताओं के तेजी से हुई इन मुलाकातों को लेकर अब मायने निकाले जाने लगे हैं। कहा जा रहा है कि गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर तस्वीर साफ नहीं होने के कारण सभी दल पेशोपेश हैं।

बिहार में ठाकुर और ब्राह्मण के बीच छिड़ गया है बवाल

पटना। अलग राजपूत राज्य बनाने की मांग को लेकर पटना में पोस्टर लगा है। पोस्टर में बिहार का नक्शा है, जिसमें रोहतास, भोजपुर, सारण, वैशाली, समस्तीपुर, सहरसा, औरंगाबाद जिलों को मिलाकर एक अलग राजपूत राज्य बनाने की मांग की गई है। देश के कई राजपूत नेताओं की पोस्टर में तस्वीरें लगी है और बताया गया है कि देश के लिए इनका क्या योगदान रहा है। वीपी सिंह, चंद्रशेखर, अर्जुन सिंह इत्यादि की तस्वीरें हैं। मनोज झा की भी तस्वीर हैं। राजपूताना राज्य संघर्ष समिति के नेता सिद्धार्थ क्षत्रिय द्वारा यह पोस्टर लगाया गया है। बता दें राज्यसभा में महिला आरक्षण बिल पर चर्चा के दौरान आरजेडी सांसद मनोज झा ने कविता के माध्यम से ठाकुरों का जिक्र किया था और कहा था कि अंदर के ठाकुर को मारने की जरूरत है। उनके इस बयान से लगातार विवाद हो रहा है। आरजेडी विधायक चेतन आनंद ने उनका विरोध किया था। उसके बाद उनके पिता आनंद मोहन ने कहा कि राजपूतों का अपमान बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

असुरक्षित गर्भपात मातृ मृत्यु का प्रमुख कारण

केटी न्यूज/पटना

राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार एवं आईपास डेवलपमेंट फाउंडेशन के तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षित गर्भपात दिवस के अवसर पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आज शुक्रवार को पटना स्थित एक निजी होटल में किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, मातृत्व कोषांग, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार डॉ. सरिता ने किया। कार्यशाला में राज्य के सभी मेडिकल कॉलेज के विभागाध्यक्ष (प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग), क्षेत्रीय कार्यक्रम प्रबंधक, सभी जिला अस्पताल के उपाधीक्षक एवं सुरक्षित गर्भपात प्रदाता/स्त्री रोग विशेषग्य ने भाग लिया। कार्यशाला में सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। कार्यशाला के दौरान सुरक्षित गर्भपात कार्यक्रम के तहत भारत सरकार द्वारा बनायी गयी नयी प्रचार प्रसार की सामग्री का राज्य स्तरीय विमोचन किया गया।

राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी, मातृत्व कोषांग, राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार डॉ. सरिता ने बताया कि राज्य में वर्ष 2022-23 वित्तीय वर्ष के आंकड़ों के अनुसार अभी 271 स्वास्थ्य संस्थानों में सुरक्षित गर्भ समापन की सुविधा उपलब्ध है. वहीँ 2021-22 में राज्य के 138 स्वास्थ्य संस्थानों में सुरक्षित गर्भ समापन की सुविधा उपलब्ध थी। उन्होंने बताया कि

2021-22 में राज्य के स्वास्थ्य संस्थानों में 7959 लाभुकों का सुरक्षित गर्भ समापन कराया गया था और वर्ष 2022-23 में 12,853 लाभुकों को सुरक्षित गर्भ समापन की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। डॉ. सरिता ने प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दिए। डॉ. ए.के.तिवारी, निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएं, बिहार सरकार ने बताया कि भारत में कुल मातृ मृत्यु का 8% असुरक्षित गर्भपात के कारण होता है और इसे कम करने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। डॉ. रानू सिंह, वरीय चिकित्सा पदाधिकारी, पीएमसीएच ने एम.टी.पी संशोधन अधिनियम 2021 में हुए संशोधनों पर सभी प्रतिभागियों को विस्तारपूर्वक बताया।

भारतीय न्याय दंड विधान को बदलना समय की जरूरत : विंध्याचल राय

♦ भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक का डुमरांव में आयोजित हुआ सम्मान समारोह

केटी न्यूज/डुमरांव

भारतीय न्याय दंड संहिता को बदलना अब समय की जरूरत है। अंग्रेजों के समय के बने वर्तमान दंड संहिता में कई खामियां है तथा यह सर्वसुलभ नहीं है। उक्त बातें शुक्रवार को स्थानीय नगर भवन में भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक विंध्याचल राय ने कही। अवसर था भाजपा नगर व ग्रामीण मंडल द्वारा उनके सम्मान में आयोजित सम्मान समारोह का। विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक ने कहा कि दुनिया में सबसे पुराना न्याय संहिता हमारा था। इसी से नकल कर दुनिया के अन्य देशों ने कानून बनाए। लेकिन दुर्भाग्य है कि आज हम दूसरों के कानून का नकल कर देश का संचालन कर रहे है। उन्होंने कहा कि आज एक तरफ देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तेजी से विकास कर रहा है। जिस पर दुनिया की नजर लगी है। तो दूसरी तरफ वैचारिक संक्रमण से गुजर रहा है। धारा 370 खत्म होने के बाद से आंतकी तथा उनके आका परेशान हो गए है। लेकिन भारत से सीधे टकराने की किसी की हिम्मत नहीं है तो वैचारिक लड़ी जा रही है। अब देश में स्लीपर सेल के माध्यम से आतंकवाद को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आंतकी याकूब मेनन व तिस्ता सितलवाड़ का उदाहरण देते हुए दंड विधान की खामियों को गिनाया। उन्होंने कहा कि डुमरांव उनकी जन्मभूमि है तथा राष्ट्रवाद का गढ़ रहा है। उन्होंने कार्यकताओं से 2024 में बिहार की सभी 40 सीटो को जीतने का आह्वान करते हुए कहा कि बिहार में बढ़े भ्रष्टाचार, अपराध के खिलाफ भाजपा कार्यकताओं को सड़क पर उतरने से नहीं कतरना होगा। जिन्हें कानूनी मदद की जरूरत होगी विधि प्रकोष्ठ पूरे बिहार में उन्हें निःशुल्क कानूनी मदद करेगा। इसके पहले भाजपा जिला अध्यक्ष विजय कुमार सिंह उर्फ भोला सिंह के नेतृत्व में हजारों की संख्या में भाजपा व युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया तथा फूल मालाओं से लाद दिया। मौके पर पूर्व नगर अध्यक्ष सुनील कुमार सिद्धार्थ ने उन्हें भगवत गीता भेंट की। जबकि नगर मंत्री संजय कुमार सिंह ने उन्हें मां डुमरेजनी पर स्व लिखित पुस्तक भेंट की। सम्मान समारोह को जिलाध्यक्ष के अलावे जिला महामंत्री निर्भय राय, अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष साबित रोहतास्वी आदि ने संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर अध्यक्ष चुनमुन प्रसाद वर्मा व संचालन युवा मोर्चा के प्रांतीय कार्यसमिति सदस्य दीपक यादव ने किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष श्रीमन नारायण तिवारी, डुमरांव ग्रामीण मंडल अध्यक्ष राजीव कुमार, पूर्व नगर अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह, निहार रंजन, भाजपा नेता राजीव कुमार भगत, प्रो श्याम नारायण राय, विधि प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अरबिंद कुमार, पूर्व अंचलाधिकारी कमलाकांत सिंह, डुमरेजनी सेवा समिति के सचिव रंजीत राय, शक्ति राय, गोल्डेन पांडेय,

बदल गए सीओ नहीं बदला नेम प्लेट

केटी न्यूज/केसठ

अंचलाधिकारी तो बदल गए लेकिन अभी तक उनके कार्यालय के आगे लगी नेम प्लेट नहीं हटाई गई। जिसके कारण लोगों में नाम को लेकर असमंजस होता है। अमूमन यह देखा जाता है कि किसी सरकारी विभाग के उच्च अधिकारी के पद ग्रहण करने के बाद पूर्व के अधिकारी की नेम प्लेट बदलकर नए अधिकारी के नेम प्लेट लगा दी जाती है। इससे विभाग में आने वाले लोगों को यह जानकारी हो जाती है कि पूर्व के अधिकारी का तबादला हो चुका है। और इस नाम के नए अधिकारी ने पदभार ग्रहण किया है। बता दें कि 30 अप्रैल 2023 को निवर्तमान सीओ कुमारी अनुकंपा सेवानिवृत हुई थी। कुछ ही दिनों बाद चक्की सीओ कौशल कुमार को प्रभार दिया गया था। कार्य शैली में लापरवाही और ग्रामीणों के शिकायत के बाद उनको हटा कर नावानगर सीओ अजीत कुमार सिंह को अतिरिक्त प्रभार दिया गया। उनको प्रभार लिए महीनों होने को है लेकिन अंचलाधिकारी कार्यालय पर निवर्तमान सीओ कौशल कुमार का ही नाम लिखा हुआ है। ग्रामीण इंद्रजीत कुमार, अमित कुमार, सुधीर सिंह सहित अन्य का कहना है कि ये मैनेजमेंट कर्मी के कार्य शैली की लापरवाही है। सीओ बदले महीनों होने को है लेकिन अभी तक उनकी नेम प्लेट नहीं लगी ये कही ना कही कर्मियों की घोर लापरवाही है। लोगों का कहना है कि नेम प्लेट नहीं बदले के कारण लोग असमंजस में पड़ रहे हैं।

क्या है नियम

विभागीय अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार अगर कोई भी कर्मी या अधिकारी का तबादला होता है तो नये पदाधिकारी के पदभार ग्रहण करते ही उनका नेम प्लेट सहित अन्य आवश्यक सामग्री बदल दी जाती है। जिससे आगंतुकों को उनके नाम को लेकर कोई संशय नहीं रहे।

बक्सर नगर थाने की पुलिस को गुप्त सूचना पर मिली सफलता

सेब के आड़ में शराब तस्करी 50 लाख की शराब बरामद

♦ 20 हजार नकद के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

केटी न्यूज/बक्सर

शराब तस्करों व पुलिस के बीच चूहा बिल्ली का खेल जारी है। गुरुवार की देर शाम गोलंबर के समीप वाहन जांच के दौरान नगर थाने की पुलिस ने सेब की आड़ में शराब तस्करी का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने शराब लदी एक ट्रक को जप्त किया है। जिससे 5410.87 लीटर शराब बरामद किया है। जिसकी कीमत 50 लाख रुपये बताई जा रही है। शराब की यह खेप गुप्त सूचना के आधार पर पकड़ी गई है। पकड़े गए ट्रक चालक ने बताया कि राजस्थान से पटना के लिए सेब की डिलिवरी देने के लिए जा रहा था।

मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर शाम करीब 8 बजे नगर थाना के एसआई संजय विकास त्रिपाठी, एसआई संतोष कुमार के नेतृत्व में गुप्त सूचना के आधार पर सघन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में एक ट्रक जिसका नंबर पीबी 03 बीए 0120 को रोक कर उसके चालक से जब पूछताछ की गई तो वह हिचकिचाने लगा जिसके बाद पुलिस को शक हुआ तो ट्रक को रोककर चालक से कड़ाई से पूछ ताछ किया गया। तो उसने बताया कि सेब की डिलीवरी देने के लिए जा रहे है। लेकिन इस दौरान उसकी घबड़ाहट को भांप पुलिस ने माजरा ताड़ लिया और ट्रक में रखी सेब की पेटियों का सील तोड़कर देखा जाने लगा तो उसमें शराब की बोतले भरी हुई थी। जिसके बाद पुलिस ने चालक और उसके साथी को हिरासत में ले लिया।

शुक्रवार को एसडीपीओ धीरज कुमार ने प्रेसवार्ता आयोजित कर जानकारी देते हुए बताया कि नगर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार द्वारा टीम गठित कर वहां जांच किया जा रहा था। इसी दौरान गोलंबर क्षेत्र से एक ट्रक गुजर रही थी। जिसे रोक पूछताछ किया गया तो चालक ने पुलिस को सेब का बिल्टी दिखाया और बताया कि यह सेब राजस्थान से पटना लेकर जा रहे है। जिसपर सख्ती से पूछताछ कर जांच किया गया तो सेब के कार्टून में शराब मिली। उन्होंने बताया की 5310. 87 लीटर शराब बरामद हुआ जिसकी कीमत लगभग 50 लाख रुपया होगा। वही गिरफ्तार ड्राइवर राजवीर व खलासी किशनलाल राजस्थान के बीकानेर के रहनेवाले है। इनलोगो के पास से एक मोबाईल और 20 हजार रुपये बरामद किया गया है। दोनों पर उत्पाद अधिनियिम के तहत एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

तस्करों के खिलाफ चलाया जा रहा है विशेष अभियान

शराब की बड़ी खेप बरामद होने के बाद पुलिस को सर्तक कर दिया गया है। पुलिस शराब तस्करों के खिलाफ काफी सक्रिय हो गई है। दिन के साथ रात में भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है। शराब तस्करी के जीरो टालरेंस की नीति को धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है।

मनीष कुमार, एसपी, बक्सर

17 दिन में पकड़ी गई शराब की चौथी बड़ी खेप

जिले में शराब की यह चौथी बड़ी खेप पकड़ी गई है। इसकी शुरूआत 12 सितंबर को ब्रह्मपुर के पुरवा गांव के पास 40 लाख के शराब बरामदगी से हुई थी। इसी सप्ताह उत्पाद विभाग की टीम ने बक्सर के वीर कुंवर सिंह चेक पोस्ट पर लगातार दो दिन शराब से लदी कंटेनर को पकड़ा था। जिसमें पहले दिन 50 लाख की तथा दूसरे दिन सवा करोड़ की शराब मिली थी। वही गुरूवार की रात नगर थाने की पुलिस ने एक बार फिर से 50 लाख की शराब पकड़ तस्करों के मंसूबे पर पानी फेर दिया है।

एक नजर

कट्टा से बर्थडे केक काटना पड़ा महंगा, वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने किया गिरफ्तार

बक्सर । इटाढ़ी थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगहों से अवैध हथियार और शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जिनपर आर्म्स ऐक्ट व उत्पाद अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। शुक्रवार को एसपी मनीष कुमार ने प्रेसवार्ता आयोजित कर इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इटाढ़ी क्षेत्र में दो अलग अलग जगहों पर शराब बिक्री और अवैध हथियार के प्रदर्शन के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। जिसके बाद एसडीपीओ धीरज कुमार के नेतृत्व में इटाढ़ी थाना पुलिस की एक टीम गठित कर छपेमारी कर चकिया केशरी डेरा से जितेंद्र राम उर्फ जग्गू को गिरफ्तार किया गया। जिसके पास से बैग में 26 पीस (5.2 लीटर) ब्लू लाइम देशी शराब, एक देशी कट्टा एवं एक मोबाईल बरामद किया गया। बरामद मोबाईल में एक विडिओ मिला जिसमे एक व्यक्ति बर्थ डे केक देशी कट्टा से काट रहा है। उस व्यक्ति के बारे में जग्गू ने बताया कि वह मेरा दोस्त गोल्डन कुमार है। उस देशी कट्टा को हम दोनों ने मिलकर खरीदा है। जिसके बाद चिलहर से गोल्डन कुमार को भी नाटकीय ढंग से गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बतया कि दूसरी तरफ इटाढ़ी थान क्षेत्र के कुकुढ़ा गांव में गुप्त सूचना मिली थी की एक व्यक्ति अपना दबदबा कायम करने के लिए अवैध हथियार लेकर घूम रहा है। जिसपर सत्यापन कर त्वरित कार्रवाई करते हुए इटाढ़ी थान पुलिस ने छपेमारी कर कुकुढ़ा गॉव से चन्द्रमा सिंह के पुत्र चंद्रशेखर सिंह को गिरफ्तार कर लिया। उसके घर से एक देशी बंदूक व एक देशी कट्टा तथा 3 जिन्दा कारतूस बरामद किया गया। मौके पर बन्दुक का लाइसेंस की मांग किया गया तो चंद्रशेखर ने दिखाने में असमर्थता जतायी। जिसके बाद अवैध हथियार रखने के जुर्म में गिरफ्तार किया गया।

राज्यकर्मी का दर्जा समेत पांच सूत्री मांगों को ले आंगनबाड़ी सेविका-सहायिकाओं ने दिया धरना

नावानगर । स्थानीय प्रखंड स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय के सामने शुक्रवार को आंगनबाड़ी के सेविका-सहायिका ने धरना दिया। धरना में सेविका -सहायिकाओं ने राज्यकर्मी का दर्जा समेत पांच सूत्री मांगों के समर्थन में अनिश्चतकालीन धरना शुरू कर दिया है। इसको लेकर प्रखंड के सभी केंद्रों की सेविका-सहायिकाओं ने बिहार सरकार आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष समिति के बैनर तले धरना पर बैठी थी। सेविका व सहायिकाओ ने सरकार के दमनकारी नीतियों के विरुद्ध नारेबाजी कर रही थी। साथ ही सूबे की सतारूढ़ पार्टी पर वादाखिलाफी का आरोप लगा रही थी। वक्ताओं ने कहा कि चुनाव पूर्व महागठबंधन द्वारा उनकी मानदेय को दुगना करने का वादा किया गया था। जिसे सरकार बनने के बाद उन्होंने भुला दिया। धरना की अध्यक्षता संघ की प्रखंड संयोजक विमला देवी तथा संचालन फुलपति देवी ने किया। सेविकाओं ने बिहार सरकार द्वारा अतिरिक्त प्रोत्साहन राशि 10 हजार सुनिश्चित करने, ग्रेच्युटी भुगतान करने, सरकारी कर्मचारी का दर्जा देने तथा पूर्व में हुए समझौते के आधार पर लंबित मांगों को लागू करने संबंधित पांच सूत्री मांगों का ज्ञापन सीडीपीओ को सौंप। धरना में राजकुमारी देवी, ममता देवी, प्रेम कुमारी, राधिका देवी उर्मिला सिंह, संजू देवी, मंजू देवी, सहनाज परवीन, उषा देवी सहित सेविका व सहायिका मौजूद थी।

सर्प दंश से महिला की मौत, पसरा मातम

नावानगर। सिकरौल थाना क्षेत्र के भदार गांव में सर्प दंश से एक महिला की मौत हो गई है। मृतका उपेन्द्र तुरहा की 32 वर्षीय पत्नी भूलनी देवी बताई जाती है। घटना शुक्रवार की है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार वह खाना लेकर खेत पर जा रही थी। तभी खेत की पगडंडी पर किसी जहरीले सांप ने उसे डंस लिया। पर महिला को सांप नही दिखा। जिससे वह कंटीला सामान चुभ जाने की अंदाजा लगाकर खेत की तरफ निकल पड़ी। साथ ही पति को खाना खिलाने के बाद वह घर वापस आ गई। कुछ घंटों के बाद उसकी स्थिति बिगड़ने लगी। जिसके बाद उसने परिजनों को बताया कि उसे कुछ काट दिया है। जिसके बाद परिजन उसे इलाज के लिए प्रताप सागर अस्पताल ले गए। जहां से चिकित्सकों द्वारा उसे सदर अस्पताल बक्सर रेफर कर दिया गया। सदर अस्पताल ले जाते समय महिला ने रास्ते में दम तोड़ दिया। इस घटना के बाद पीड़ित परिजनों में कोहराम मच गया है।

शौर्य जागरण रथ का हुआ स्वागत

केटी न्यूज/केसठ

विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में शौर्य जागरण रथ निकाला जा रहा है। इसका शुभारंभ 28 सितंबर को बक्सर से किया गया है। शौर्य जागरण रथ यात्रा दूसरे दिन शुक्रवार को केसठ प्रखंड के शिवपुर गांव से सीमा में प्रवेश किया। शौर्य जागरण रथ नया बाजार स्थित मां भवानी मंदिर पहुंचा। जहां विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल, भाजपा के दर्जनों कार्यकताओं समेत अन्य ग्रामीणों ने रथ का भव्य स्वागत किया। इस दौरान अतिथियों को अंग वस्त्र देकर और माला पहनकर सम्मानित किया गया। इसका नेतृत्व विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड अध्यक्ष मुन्ना यादव एवं बजरंग दल के प्रखंड संयोजक बिट्टू कुमार ने संयुक्त रूप से किया। रथ यात्रा के साथ प्रदेश सत्संग प्रमुख कन्हैया पाठक, बजरंग दल के जिला संयोजक मुन्ना राय एवं विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष सिद्धनाथ मिश्र, संजय सिंह, ईश्वर दयाल सिंह आदि शामिल रहे। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में हिंदुओं को जागरूक करने के लिए यह रथ यात्रा निकाला गया है और इसके तहत पूरे देश में कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस शौर्य जागरण रथ यात्रा का समापन 8 अक्टूबर को पटना में किया जाएगा। जहां लाखों की संख्या में कार्यकर्ता शामिल होंगे।

युवक को घर से बुलाकर दोस्तों ने मारी गोली, इलाज

♦ पिता ने दो नामजद समेत चार पर दर्ज कराया एफआईआर

केटी न्यूज/ डुमरांव

डुमरांव थाना क्षेत्र में 15 घंटे के अंतराल पर गोलीबारी की दूसरी घटना हुई है। सुबह में लाखनडीहरा में युवक को गोली मारने की घटना हुई थी वही रात करीब 10 बजे बंझु डेरा गांव में भी एक युवक को गोली मारी गई। आरोप उसके दोस्तों पर ही लगा है। जख्मी की पहचान भगेलू यादव के 22 वर्षीय पुत्र राकेश यादव के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस रात में ही मामले को जांच व आरोपियों की धरपकड़ में जुट गई। वही अनुमंडलीय अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद उसे बेहतर इलाज के लिए पीएमसीएच रेफर किया गया है। इस मामले में उसके पिता के बयान पर गांव के ही दो नामजद तथा दो अज्ञात समेत कुल चार लोगों पर एफआईआर दर्ज कराया गया है। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार ने इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपियो की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। हालाकि घटना के बाद से आरोपी घर छोड़ फरार हो गए हैं। सूत्रों की माने तो आरोपियों ने उसे घर से बुलाकर गोली मारी है। हालांकि विवाद का कारण क्या था इसकी जानकारी नहीं मिल सकी है। इस घटना के बाद गांव में तनाव व्याप्त है।

15 घंटे के अंदर दो घंटनाओं को अंजाम दे अपराधियों ने दी नये थानाध्यक्ष को चुनौती

डुमरांव के थानाध्यक्ष दिनेश कुमार मालाकार को डुमरांव का थानाध्यक्ष बने अभी चंद दिन ही है। अपराधियों ने एक दिन में ही दो घटनाओं को अंजाम दे उन्हें तगड़ी चुनौती दी है।

शीघ्र गिरफ्तार होंगे अपराधी

दोनों घटनाओं को पुलिस ने चुनौती के रूप में लिया है। अपराधियों को जल्दी ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। -

दिनेश कुमार मालाकार, नगर थानाध्यक्ष, डुमरांव

अंजान ब्रह्म बाबा व कपूर महारानी का वार्षिक पूजा सह मेला धूमधाम से संपन्न

आस्था: भक्तों की मनोकामना पूरी करते हैं अंजान ब्रह्म बाबा

♦ मंदिर से जुड़ी है शहरवासियों की अटूट आस्था

केटी न्यूज/डुमरांव

नगर के स्टेशन रोड के किनारे स्थित अंजान ब्रह्म बाबा मंदिर का वार्षिक पूजनोत्सव शुक्रवार को धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर मेला का आयोजन भी किया गया था। जिसमें देर रात तक श्रद्धालु उमड़े रहें। बता दें कि हर साल भाद्रपद पूर्णिमा को अंजान बाबा की वार्षिक पूजा की जाती हैं। परंपरागत तरीके से पूर्व संध्या से ही मंदिर के पास अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया था। जिसका समापन शुक्रवार को हुआ। वही मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। रंग रोगन के अलावे मंदिर का परिसर व इलाका रंगीन बल्लों से जगमग कर रहा था। मंदिर के पुजारी शिवजी पाठक व सुदर्शन पाठक के नेतृत्व में सुबह से ही मंत्रोच्चार व पूरे विधि विधान से अंजान बाबा की वार्षिक पूजा व हवन किया गया। इस दौरान दर्शन व पूजन करने वाले श्रद्धालुओं का तांता पूरे दिन लगा रहा है। ध्वनि विस्तारक यंत्रो से बज रहे भक्ति गीत तथा श्रद्धालुओं द्वारा लगाए जा रहे अंजान बाबा के जयकारे से इलाके में भक्ति रस की अविरल धारा प्रवाहित हो रही थी। श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। मंदिर के पुजारी शिवजी पाठक ने बताया कि करीब पांच दशक से इस मंदिर का वार्षिकोत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जो श्रद्धालु यहां सच्चें मन से आते है बाबा उनकी हर मनोकामना पूरी करते है। यही कारण है कि बाबा के प्रति श्रद्धालुओं की आस्था अटूट रहती है। वार्षिक पूजा में यह देखने को भी मिला। वार्षिक पूजा को संपन्न कराने में मंदिर समिति के अंबरीश पाठक, अमित उपाध्याय, सुमित उपाध्याय, अभिनव पाठक, गोकुल पाठक, विनोद उपाध्याय समेत कई अन्य ने सराहनीय भूमिका निभाई। वही दूसरी तरफ निमेज टोला स्थित कपूर महारानी का वार्षिकोत्सव भी धूम धाम से मनाया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने मंदिर के पुजारी के नेतृत्व में वैदिक विधान से उनकी पूजा अर्चना की। वार्षिक पूजनोत्सव में निमेज टोला सहित आस पास के अन्य मोहल्लों के लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

लोगों को फाइलेरिया के प्रति जानकारी देंगे हाथीपांव के मरीज, बढ़ेगी जागरूकता

केटी न्यूज/आरा

❒ बिहिया स्थित तेघरा गांव में फाइलेरिया पेशेंट प्लेटफॉर्म का हुआ गठन

जिले में फाइलेरिया उन्मूलन को लेकर सर्वजन दवा सेवन (एमडीए) कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जो आगामी छह अक्टूबर तक जिले के सभी प्रखंडों में संचालित किया जाएगा। इस क्रम में देखा गया है कि जानकारी के अभाव में लोग कई बार दवाओं का सेवन करने से मना करते हैं। ऐसे में रिफ्यूजल के मामलों को कम करने के लिए फाइलेरिया मरीजों की सहायता ली जाएगी। इसके लिए शुक्रवार को जिले के बिहिया प्रखंड अंतर्गत दोघरा पंचायत स्थित तेघरा गांव में फाइलेरिया पेशेंट प्लेटफॉर्म का गठन किया गया। जिसमें गांव के दर्जन भर फाइलेरिया मरीजों को पेशेंट प्लेटफॉर्म से जोड़ते हुए जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इस क्रम में बैठक के दौरान फाइलेरिया मरीजों को पेशेंट प्लेटफॉर्म की जानकारी, उद्देश और महत्ता की जानकारी दी गई। बैठक में पिरामल इंडिया के प्रखंड समन्वयक रत्नेश कुमार ने बताया कि पेशेंट प्लेटफॉर्म का मुख्य उद्देश्य लोगों को जागरूक करते हुए एमडीए को सफल बनाना है। इसके लिए आशा कार्यकताओं या ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (डीए) टीम के

साथ जाकर फाइलेरिया मरीज लोगों को जागरूक करेंगे। जिससे वो एमडीए व फाइलेरिया रोधी दवाओं की महत्ता को समझे और बिना आनाकानी के दवाओं का सेवन करें।

लोगों को दवाओं की अहमियत को समझाएं पेशेंट प्लेटफॉर्म के सदस्य : रत्नेश कुमार ने फाइलेरिया मरीजों को बताया कि फाइलेरिया एक ऐसी बीमारी है, जिसका समय पर इलाज नहीं होने से मरीज दिव्यांग हो सकता है। जिसके बाद मरीज को चलने और घुमने के साथ दैनिक क्रियाओं में भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इसलिए इस बीमारी की गंभीरता को देखते हुए लोगों का जागरूक होना जरूरी है। जिससे आप अपने गांव को फाइलेरिया से मुक्त बना सकें। इसके लिए जरूरी है कि पेशेंट प्लेटफॉर्म के सदस्य अपने परिजनों, आसपास और मोहल्ले के लोगों को एमडीए के दौरान दवाओं का सेवन करने के लिए जागरूक और प्रेरित करें। वहीं, आशा कार्यकताएं और डीए टीम भी लोगों को फाइलेरिया के दुष्प्रभाव को समझाने के लिए प्लेटफॉर्म के सदस्यों का सहयोग ले सकते हैं।

पंचायत समिति का मिलेगा भरपुर सहयोग : बैठक के दौरान पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना पासवान ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की यह पहल काफी सराहनीय है। जिसमें पंचायत समिति का भरपुर सहयोग मिलेगा। उन्होंने कहा कि एमडीए के दौरान डीए टीम को यदि किसी प्रकार की बाधा का सामना करना पड़े तो तत्काल समिति के सदस्यों से संपर्क करें। जिसके बाद बाधा को दूर करने का प्रयास किया जाएगा। वहीं, लोगों को मच्छरों से बचाव को लेकर जागरूक भी किया जाएगा। ताकि, लोगों को मच्छरों के प्रकोप से बचाया जा सके।

मौके पर आशा फैसिलिटेटर गुड़िया कुंअर, आशा कार्यकर्ता मीणा देवर, वीटी किरण देवी समेत गांव के फाइलेरिया मरीज उपस्थित रहे।

एक नजर

पिस्तौल के बट से मार कर युवक को किया घायल, छीने दस हजार रुपए

जहानाबाद। जिले के नगर थाना क्षेत्र के ग्राम एरकी में बीते बृहस्पतिवार को शाम करीब 7/30 बजे कुछ असमाजिक तत्वों द्वारा मारपीट करने, पिस्तौल का भय तथा बट से प्रहार कर घायल कर दस हजार रुपए लूटने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार बीते शाम ग्राम ऐरकी निवासी रागिब इमाम अपने घर से ग्राम सकुरगज निवासी जोधा यादव को बाकी लिया रुपया लौटाने जा रहा था,कि अचानक इरकी कब्रिस्तान के पास पूर्व से घात लगाए बैठे अरमान उल्लाह मलिक आपने शागिर्दो के साथ घेरकर मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया, इतना ही नहीं पिस्तौल निकाल बट से माथे पर मार,जेब में रखा दस हजार रुपए छीन लिया। वही दूसरी ओर रागिब किसी तरह से जान बचाकर भाग खड़ा हुआ, जहां सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। वही रागिब के भाई ने बताया कि मेरे भाई जोधा यादव को बाकी पैसा लौटाने जा रहा था कि, अचानक कब्रिस्तान के पास घात लगाए गांव के अरमान उल्लाह मलिक अपने अन्य साथियों के साथ मेरे भाई को जान से मारने की नीयत से पिस्तौल से फायर भी किया। वही थाना अध्यक्ष ने बताया कि पिड़ित के लिखित आवेदन पर कार्रवाई प्रारंभ कर जांच शुरू कर दिया गया है।

युवा राजद जहानाबाद के द्वारा कार्यकर्ता बैठक

जहानाबाद। आज युवा राजद जहानाबाद के द्वारा एकदिवसीय कार्यकर्ता बैठक का आयोजन एरकी स्तिथ पप्पू मलिक जी के मकान पर किया गया ! बैठक जिलाध्यक्ष पिंटू उर्फ छोटू यादव की अध्यक्षता में किया गया ! बैठक का मुख्य उद्देश्य संगठन विस्तार पे चर्चा , आगामी लोकसभा चुनाव और आने वाले दिनों में एक बड़े कार्यकर्ता सम्मेलन को लेकर था! पिन्टू उर्फ छोटू यादव ने सभी युवा राजद के कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि संगठन को मजबूत करने के लिए प्रखंड से लेकर पंचायत तक घूम घूमकर अधिक से अधिक लोगों को जोड़ा जाए ! बूथ स्तर तक कमिटी को मजबूत किया जाए ! आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए गांव गांव घूम घूमकर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ लोगों को जागरूक करे !

धनगाईं, नारायणपुर और आयर थाना क्षेत्र से गुरुवार की रात पकड़े गए तीनों अपराधी

आभूषण कारोबारी से लूटकांड मामले में तीन अपराधी गिरफ्तार, चांदी और मोबाइल बरामद

■ धनगाईं थाना क्षेत्र के महादेव चौक के समीप 15 सितंबर को अपराधियों ने की थी लूट

केटी न्यूज/आरा

ओवरटेक कर बाइक रोकी, धक्का दे गिराया फिर हथियार के बल पर लूट ले गये थे जेवर

जगदीशपुर कोतवाली निवासी अशोक सोनी की तियर थाना क्षेत्र के देवराढ़ गांव में सोने चांदी की दुकान है। इसी साल जनवरी माह में उन्होंने दुकान खोली थी। उसके ठीक नो माह बाद उनके साथ लूटपाट की घटना हो गयी। अशोक सोनी द्वारा दर्ज प्राथमिकी में कहा गया है कि वह 15 सितंबर की शाम करीब छह बजे अपनी दुकान बंद कर बेटे लवकुश के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। उनके पास बैग में चांदी की तीस जोड़ी पायल, 12 जोड़ी बेरा, सौ जोड़ी बिछिया, दो जोड़ी बड़ा वाला फायल, 15 पीस अंगुठी, बीस जोड़ी ताबिज, काली जी, महावीर जी एवं दुर्गा जी का 20-20 पीस लॉकेट, दो चैन और सोने की दस पीस नथुनी था।

भोजपुर में एनएच 319 पर धनगाईं थाना क्षेत्र के महादेव चौक के पास पिछले दिनों जेवर व्यवसायी से लूटकांड का पुलिस द्वारा खुलासा कर दिया गया है। लूटकांड में शामिल तीन अपराधियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। उनमें लूटपाट करने वाले अपराधी के साथ लूटे गए चांदी के जेवर और मोबाइल खरीदने वाले भी शामिल हैं। इनके पास से व्यवसायी से लूटे गये पौन तीन किलो चांदी के अलावा तीन मोबाइल और 15 हजार रुपए बरामद किये गये है। इनमें एक मोबाइल आभूषण व्यवसायी से लूटा गया था। लुटेरों द्वारा चांदी के जेवर को पिघला दिया गया था। गिरफ्तार अपराधियों में जगदीशपुर थाना क्षेत्र के असुधर गांव निवासी छोटू यादव उर्फ छोटू सम्राट, आयर थाना क्षेत्र के श्रीनगर गांव निवासी गोपाल सिंह और नारायणपुर थाना क्षेत्र के नारायणपुर गांव निवासी अमित सोनार शामिल हैं। अमित सोनार भी आभूषण कारोबारी है। उसके द्वारा लूटे गये चांदी के जेवर, जबकि गोपाल सिंह द्वारा मोबाइल खरीदा गया था। तीनों की गिरफ्तारी से लूट की अन्य घटनाओं का भी खुलासा हुआ है। एसपी प्रमोद कुमार यादव द्वारा शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि 15 सितंबर की शाम जगदीशपुर के रहने वाले आभूषण व्यवसायी अशोक सोनी तियर थाने के देवराढ़ स्थित अपनी दुकान बंद कर बेटे के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। तभी महादेव चौक के समीप बाइक सवार तीन अपराधियों द्वारा हथियार के बल पर उनसे करीब तीन किलो के चांदी के जेवर और दो मोबाइल छीन लिया गया था। उसके बाद लुटेरों की गिरफ्तारी और लूटे गए जेवर की बरामदगी को लेकर जगदीशपुर एसडीपीओ राजीव चंद्र सिंह के नेतृत्व में टीम गठित की गयी थी। मामले की छानबीन में जुटी टीम द्वारा मोबाइल डाटा डंप तैयार कर अपराधियों को चिन्हित किया गया। उस आधार पर गुरुवार की रात तीनों अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया गया। तीनों की निशानदेही पर लूटे गये पौने तीन किलो चांदी और मोबाइल बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि लूट पाट में दो-तीन अन्य अपराधियों का भी नाम आया है। एसपी ने बताया कि तीनों से पूछताछ में दो-तीन अन्य घटनाओं का खुलासा हुआ है। उस मामले में तीनों को रिमांड किया जा रहा है। टीम में धनगाईं थानाध्यक्ष नीतू प्रिया, जगदीशपुर थानाध्यक्ष राज किशोर सिंह और डीआईयू के अफसर और जवान शामिल थे।

छोटू सम्राट की गिरफ्तारी से खुला लूट कांड का राज : एसपी ने बताया कि मोबाइल लोकेशन के आधार पर लूटपाट में शामिल अपराधियों की पहचान की गयी। उस आधार कार्ड सबसे पहले असुधर गांव निवासी छोटू यादव उर्फ छोटू सम्राट को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने लूट में शामिल होने की बात स्वीकार करते हुए कहा कि लूटे गये जेवर नारायणपुर निवासी अमित सोनार को जबकि मोबाइल श्रीनगर गांव निवासी गोपाल सिंह को बेच दिया गया है। उसकी निशानदेही पर अमित सोनार को गिरफ्तार किया गया है। उसके पास से लूटे गये पौने तीन किलो चांदी, जबकि गोपाल सिंह के घर से आभूषण व्यवसायी का छीना गया एक मोबाइल बरामद कर लिया गया।

चोरी की दो मोबाइल के साथ दो बदमाश गिरफ्तार

आरा। भोजपुर की गड़हनी थाने की पुलिस द्वारा मोबाइल छिनतई गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से झपट्टा मार कर छिने गये दो मोबाइल भी बरामद किये गये हैं। उनमें एक महिला पिछले दिनों आरा के कतिरा मोहल्ले में एक महिला से छीना गया था। गिरफ्तार बदमाशों में गड़हनी थाना क्षेत्र के सिकरियां गांव निवासी प्रिंस कुमार और नवादा थाना क्षेत्र के फ्रेंड्स कॉलोनी निवासी राजकुमार शामिल हैं। एसपी प्रमोद कुमार यादव द्वारा शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में यह जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि गुरुवार की देर रात गड़हनी थानाध्यक्ष प्रियंका गुप्ता नाइट पेट्रोलिंग कर रही थी। उसी दौरान उनकी नजर गड़हनी बाजार में संदिग्ध स्थिति में बाइक से घूम रहे दो युवकों पर पड़ी। थानाध्यक्ष ने दोनों को पकड़ कर तलाशी ली, तो उनके पास से दो एंड्रॉयड मोबाइल बरामद किया गया। पूछताछ में दोनों द्वारा दोनों मोबाइल पूर्व में छीना गया बताया गया। उसी क्रम में पता चला एक मोबाइल तीन रोज पहले नवादा थाना क्षेत्र के कतीरा गांधी मोड़ के पास एक महिला से छीना गया था।

आंगनबाड़ी केंद्रों पर लटका ताला, शुरू हुआ सेविकाओं का अनिश्चितकालीन हड़ताल

केटी न्यूज/जहानाबाद

शुक्रवार को मखदुमपुर प्रखंड में बिहार राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका के संयुक्त आह्वान पर आंगनवाड़ी सेविका एवं सहायिका अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चली गई है जिससे आंगनबाड़ी केंद्रों पर ताला लटका हुआ है।

वहीं सेविका और सहायिका मखदुमपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित सीडीपीओ कार्यालय के समीप धरना भी दिया , धरना में जिला मंत्री मंटू देवी ने कहा सरकार के झूठे वादे से हम सभी बहने थक चुकी हैं। जिसे देखते हुए आज से हड़ताल की आंदोलन शुरू कर दिया है उन्होंने बिहार सरकार से 10 हजार मानदेय, सरकारी कर्मी के दर्जा के साथ पांच प्रमुख मांग भी रखा इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर सरकार हमारी बात नहीं मानती है तो 2024 में सरकार की कुर्सी हम लोग हिला देंगे सेविका एवं सहायिका सरकार से आर पार की लड़ाई लड़ेगी इस दौरान आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं ने सरकार विरोधी जमकर नारेबाजी भी किया मौके पर अनिता कुमारी सबीना खातून प्रभात कुमारी बिना कुमारी पूनम कुमारी संजू कुमारी प्रमिला कुमारी शांता कुमारी अंजू कुमारी मंजू कुमारी ममता कुमारी रंजू कुमारी सविता देवी पिंटू कुमार आशा कुमारी समेत काफी संख्या में सेविका एवं सहायिका मौजूद थे बताते चले कि बिहार राज आंगनबाड़ी सेविका एवं सहायिका पूरे बिहार में हड़ताल पर चले गए हैं

आरा सदर अस्पताल के गार्ड पर धारदार हथियार से हमला, शरारती तत्व को दबोचा

■ सदर अस्पताल परिसर के ओपीडी विभाग के मेन गेट पर शुक्रवार की दोपहर हुई घटना

■ गर्दन में गमछा लपेटे जाने के कारण बाल-बाल बचा सुरक्षाकर्मी, हथियार भी बरामद

केटी न्यूज/आरा

सदर अस्पताल परिसर के ओपीडी विभाग के मेन गेट पर शुक्रवार की दोपहर शरारती तत्व द्वारा हॉस्पिटल के एक सुरक्षाकर्मी के गर्दन पर धारदार हथियार से कर दिया गया। हालांकि सुरक्षाकर्मी के गर्दन में गमछा लपेटे जाने के कारण वह बाल-बाल बच गया। उसके बाद वह मौजूद अन्य सुरक्षाकर्मियों द्वारा शरारती तत्व को दबोच लिया गया। उसकी पिटाई कर उसे लोहे के चेन से बांध दिया गया। घटना को लेकर लोगों के बीच देर तक अफरातफरी मची रही। सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम पहुंची और शरारती तत्व को अपने साथ ले गयी। हमले में बचा सुरक्षाकर्मी आनंद नगर मोहल्ला निवासी गणेशा साह बताया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार शरारती तत्व नशे की हालत में ओपीडी में आया था। तब ड्यूटी पर मौजूद सुरक्षाकर्मी से उसकी कहासुनी हो गयी थी। उसके बाद सुरक्षाकर्मी द्वारा उसे ओपीडी से बाहर निकाल दिया था। दोपहर में ड्यूटी खत्म होने के बाद सुरक्षाकर्मी गणेशा साह घर जा रहे थे। उस दौरान वह सदर अस्पताल के मेन गेट के पास ठेले पर डाभ खरीद रहे थे। तभी उस शरारती तत्व पहुंच गया और ठेले पर रखा फसुली उठाकर पीछे से गार्ड के गर्दन पर जानलेवा हमला कर दिया। हालांकि गर्दन में गमछा लपेटे होने के कारण गार्ड बाल-बाल बच गया। उसके बाद वहां मौजूद अन्य सुरक्षाकर्मियों ने उसे दबोच लिया।

वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए सुनवाई के दौरान महिला की शिकायत पर एसपी ने दिया संदेश

बिल्कुल परेशान नहीं होना है, आवेदन दीजिए...

केटी न्यूज/आरा

पुलिस की समस्या आपकी समाधान हमारा कार्यक्रम के तहत एसपी प्रमोद कुमार यादव द्वारा शुक्रवार को फिर वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए आमजनों की शिकायतें सुनी गयी। उस दौरान विभिन्न थानों क्षेत्र के दर्जन भर से अधिक लोगों द्वारा एसपी को अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया। उसी क्रम में बड़हरा के महुदही गांव की रहने वाली एक महिला द्वारा दहेज के लिए अपनी बेटी को प्रताड़ित किये जाने का आरोप लगाया गया। कहा गया कि शादी के बाद उसके ससुराल वालों द्वारा उसे परेशान किया जा रहा है। शुरू में दो-तीन साल अपने पास रखा गया, लेकिन उसके बाद तंग किया जा रहा है। उस पर एसपी द्वारा कहा गया है कि बिलकुल परेशान नहीं होना है। आवेदन दीजिए, प्राथमिकी दर्ज कराई। विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी। एसपी की ओर से मौके पर मौजूद बड़हरा थानाध्यक्ष को उचित कार्रवाई करने का निर्देश भी दिया गया। वहीं अशरफ वारिस खां नामक एक शख्स द्वारा शिकायत की गयी कि 2020 में उनके द्वारा जमीन खरीदने के लिए दस लाख रुपए दिया गया था। जमीन नहीं मिली। पैसे भी नहीं दिया जा रहा है। अब भी करीब दो लाख साठ हजार रुपए बकाया है।

आज ही आवेदन दिया गया है। उस पर एसपी द्वारा कहा गया कि आवेदन दीजिए। जांच कर उचित कार्रवाई की जायेगी। उसके अलावे भी काफी संख्या में लोगों की ओर से एसपी को अपनी समस्याओं से अवगत कराया गया। बता दें कि बिहार पुलिस की जन-जन की ओर बढ़ते कदम की अगली कड़ी में पुलिस महानिदेशक आरएस भट्टी के आदेश पर आम जनों से तकनीकी रूप से सीधा संवाद स्थापित करने के लिए भोजपुर सहित कुछ जिलों में ₹समस्या आपकी समाधान हमारा₹ कार्यक्रम की शुरूआत की गयी है।

छरियारी में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट, एक घायल

मखदुमपुर । शुक्रवार को मखदुमपुर थाना क्षेत्र के छरियारी गांव में जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में एक व्यक्ति घायल हो गए घायल व्यक्ति गांव निवासी पूर्व शिक्षक मोहन सिंह बताए जाते हैं जानकारी के अनुसार मोहन सिंह शुक्रवार की सुबह शौच कर लौट रहे थे तभी गांव के ही कुछ लोगों ने जमीनी विवाद को लेकर मारपीट कर दिया जिससे घायल हो गए, घायल व्यक्ति को इलाज के लिए रेफरल अस्पताल मखदुमपुर लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया है।

मल मूत्र त्यागने को लेकर मारपीट

मखदुमपुर। शुक्रवार को टेहटा ओपी क्षेत्र के बगवार टोला बेलदारी गांव में मलमूत्र त्यागने को लेकर हुई मारपीट में दो लोग घायल हो गए, घायलों में गांव निवासी भोला चौहान एवं गायत्री देवी बताए जाते हैं जानकारी के अनुसार भोला चौहान के घर के समीप पड़ोस के कुछ लोग मलमूत्र त्याग करते थे जिसे लेकर भोला चौहान उन्हें मना किया तो लोगों ने उसे मारपीट कर घायल कर दिया, घायल व्यक्ति का इलाज मखदुमपुर रेफरल अस्पताल में कराया गया जहा चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार किया है।

जिला अस्पताल का औचक निरीक्षण: जिलाधिकारी ने खामियां मिलने पर सीएमएस को फटकारा

हर काम के लिए जिम्मेदारी तय करें: डीएम

- ऑपरेशन थिएटर के निरीक्षण के दौरान कोई स्टाफ नहीं था मौजूद
- दिया निर्देश- अस्पताल के सभी स्टाफ नेम प्लेट और ड्रेस में हों
- तीमारदारों के लिए अस्पताल में सुझाव काउंटर बनाने का निर्देश

केटी न्यूज/बलिया

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार शुक्रवार को जिला चिकित्सालय बलिया का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने आपातकालीन कक्ष, माइनर ऑपरेशन थिएटर, स्टोर रूम, पोस्ट कोविड वार्ड, मेडिकल वार्ड, ईएमओ वार्ड और आयुष विंग का निरीक्षण कर मुख्य चिकित्सालय अधीक्षक को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। अस्पताल में पहुंचने पर जिलाधिकारी ने परिसर में बेतरतीब तरीके से खड़े वाहनों को को देख नाराजगी जताई और ड्यूटी कर रहे होमगार्डों को फटकार लगाई। साथ ही सभी वाहनों को व्यवस्थित रूप से खड़े कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी के माइनर ऑपरेशन थिएटर के निरीक्षण के दौरान कोई स्टाफ मौजूद नहीं था। परिसर की साफ-सफाई, चिकित्सालय में लगी कुर्सियों को अव्यवस्थित ढंग से पाये जाने पर मुख्य चिकित्सालय अधीक्षक को फटकार लगाते हुए कहा कि अस्पताल में जितने भी छोटे बड़े काम करने वाले अधिकारी और कर्मचारी हैं उनकी हर स्तर से जिम्मेदारी तय की जाए, तभी व्यवस्था में सुधार होगा। चिकित्सालय के सभी स्टाफ के नेम प्लेट और ड्रेस में होना जरूरी है।

एक मरीज के साथ कक्ष में एक ही सहायक मौजूद रहे

जिलाधिकारी ने अस्पताल में साफ सफाई पर विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया। उन्होंने आपातकालीन कक्ष में मरीजों से अस्पताल की व्यवस्था के बारे में बात की, पाया कि जानकारी के अभाव में मरीजों के तीमारदारों को यहां वहां भटकना पड़ता है। इसके लिए उन्होंने सीएमएस को एक सुझाव काउंटर बनाने का निर्देश दिया। उन्होंने सीएमएस को निर्देशित किया कि एक मरीज के साथ कक्ष में एक ही सहायक हो, जिससे चिकित्सालय में भीड़ भाड़ न हो। इसके लिए एक चेतावनी बोर्ड लगाएं। कहा अगली बार अव्यवस्था मिलने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

आयुष विंग के डॉक्टर अपने कक्ष के बाहर लगाएं नेम प्लेट

जिला अस्पताल के बगल में ही आयुष विंग की स्थापना की गई है। इसमें अलग से होम्योपैथिक, आयुर्वेदिक और यूनानी चिकित्सा के डॉक्टरों के बैठने की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी ने यहां पर सभी कक्ष के बाहर संबंधित डॉक्टर के नेम प्लेट और मेज एवं कुर्सी लगाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अस्पताल में मौजूद वन स्टाप सेंटर (सखी) का निरीक्षण कर वहां रहने वाली महिलाओं के बारे में जानकारी ली। काउंसलर ने बताया कि वन स्टाफ सेंटर का दरवाजा टूट गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल सीएमएस को निर्देशित कर ठीक कराने के निर्देश दिए।

दुर्घटना में भाई-बहन की मौत, डीएम ने लिया संज्ञान

जिलाधिकारी ने बंदरबगिया मोड़ के पास गुरुवार की शाम तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार भाई और बहन की मौत के मामले पर संज्ञान लिया। उन्होंने बांसडीह एसडीएम को निर्देश दिया कि टक्कर मारकर भागने वाले कार चालक के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करें।

चितबड़ागांव नगर पंचायत के ईओ पर लाखों रुपए गबन करने का आरोप

एडीएम के नेतृत्व में जांच करने पहुंची टीम, मिली खामियां

बलिया। बिना टेंडर के कार्य कराने के बाद करोड़ों रुपए के भुगतान करने का ईओ पर आरोप लगने के बाद शुक्रवार की दोपहर एडीएम के नेतृत्व में जांच टीम चितबड़ागांव नगर पंचायत पहुंची। इस दौरान जांच टीम सभी फाइलें अपने साथ ले गई। वहीं कंबल, स्ट्रीट लाइट आदि को जब्त कर लिया। एडीएम ने बताया कि अभी सिर्फ हम लोग स्थलीय जांच किए हैं, जिसमें बहुत खामियां पाई गई। अभी फाइलों की जांच करनी है, जिसके बाद रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दी जाएगी।

जानकारी के लिए बता दें कि सभासदों ने आरोप लगाया था कि ईओ अनिल कुमार ने कस्तूरबा गाधी विद्यालय के सुन्दरीकरण के नाम पर लगभग 18 लाख रुपए का भुगतान अपने चहेते ठेकेदार को बिना टेंडर कर दिया है। जबकि विद्यालय की वार्डेन का कहना है कि 18 महीनो में कोई कार्य नगरपंचायत द्वारा नहीं कराया गया है। सभासदों का यह भी आरोप है कि सरकार की गाइड लाइन को ताक पर रखकर ईओ ने दो गुना से ज्यादा दर पर कंबल खरीद किया है। आश्चर्य की बात है कि बिना मौसम के लाखों रुपये खर्च कर-के 3 हजार कंबल खरीद कर रख लिया गया है, जो नगरपंचायत के गोदाम में बेकार पड़ा है। सभासदों का यह भी आरोप है कि प्रशासनिक काल में ईओ ने लाखों रुपये का हैण्डपम्प व लाइटों पर भुगतान किया है, जो किसी वार्ड में दिख नहीं रहा है।

विवाद के बाद युवक ने गर्लफ्रेंड को मारी गोली, फिर दे दी जान

- घायल युवती का जिला अस्पताल में चल रहा इलाज
- बलिया के जमुआ गोपालपुर ईंट भट्ठे के पास की घटना

केटी न्यूज/बलिया

शहर कोतवाली क्षेत्र के जमुआ गोपालपुर ईंट भट्ठे के पास गुरुवार की देर रात एक युवक ने पहले अपनी गर्लफ्रेंड को गोली मारी फिर अपनी कनपट्टी पर तमंचा रख खुद को भी गोली मार ली। इससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। गोली की आवाज सुन मौके पर पहुंचे आसपास के लोगों ने दोनों को जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां युवक को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं युवती का इलाज जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्र के जमुआ गोपालपुर निवासी सोनू उर्फ शालू गोड़ 26 वर्ष पुत्र राजा गोड़ तथा शहर कोतवाली क्षेत्र के एससी कॉलेज निवासी अंजलि 18 वर्ष पुत्री स्वर्गीय संजय राम गुरुवार की देर रात जमुना गोपालपुर ईंट भट्ठे के पास गए, जहां दोनों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। इसके बाद युवक ने यह कदम उठाया। युवती खतरे से बाहर बताई जा रही है।

अनिता बनीं खेजुरी थाने की महिला एसएचओ

सिकंदरपुर। थाने में महिला एसओ की तैनाती को लेकर मुख्यमंत्री के निदेर्शों के क्रम में बलिया में अनीता को खेजुरी थाने का थानाध्यक्ष बनाया गया है। महिला थाने को छोड़ दें तो जिले में किसी अन्य थाने में पहली बार महिला एसएचओ की तैनाती हुई है। पुलिस अधीक्षक एस. आनंद ने मुख्यमंत्री के निर्देश के क्रम महिला थाना में तैनात प्रभारी निरीक्षक अनिता को खेजुरी थाने का प्रभारी निरीक्षक तैनात किया है। वहीं, जनहित एवं प्रशासनिकहित में पुलिस अधीक्षक ने खेजुरी थाने के प्रभारी निरीक्षक विन्देश्वर प्रसाद पांडेय को साइबर सेल का प्रभारी नियुक्त किया है।

पुलिस ने दियारा में दर्जनों भट्ठियां तोड़ी, शराब व लहन को किया नष्ट

मनियर। मनियर थाने की पुलिस ने ककरघट्टा खास व दियारा टुकड़ा नंबर दो में शुक्रवार की दोपहर अभियान चलाकर दर्जनों भट्ठियां तोड़ने के साथ सैकड़ों लीटर कच्ची शराब व लहन को नष्ट किया। हालांकि अवैध शराब कारोबारी पुलिस को देखकर भागने में सफल रहे। पुलिस के अनुसार क्षेत्र में कच्ची शराब बनाने की बार बार मिल रही शिकायत पर थानाध्यक्ष मंतोष सिंह के नेतृत्व में दर्जनों पुलिस शुक्रवार को ककरघट्टा खास व दियारा टुकड़ा नंबर दो में दर्जनों भट्ठियां तोड़ने के साथ सैकड़ों लीटर कच्ची शराब व लहन को नष्ट किया गया। थानाध्यक्ष मंतोष सिंह ने बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। पुलिस टीम में कांस्टेबल पतिराम चौरसिया, संजय कुशवाहा, आदित्य पाण्डेय, आलोक, संजीवन लाल यादव, बृजेश राय, जितेंद्र यादव, बल्जीत भारद्वाज, मनोज चौहान शामिल रहे।

मुराद अहमद रसड़ा बने विधानसभा के प्रभारी

केटी न्यूज/बलिया

एआईएमआईएम पार्टी की बैठक शुक्रवार को बहेरी स्थित कार्यालय में हुई। इसमें पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में 2024 लोकसभा चुनाव की तैयारी के लिए रणनीति बनाई गई। पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता मुराद अहमद को रसड़ा विधानसभा का प्रभारी मनोनीत किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव मोहम्मद शमीम खान ने कहा कि वर्तमान सरकार से जनता त्रस्त है, सभी सरकार बदलना चाहते हैं, प्रदेश अध्यक्ष हाजी शौकत अली और हमारे नेता बैरिस्टर असदुद्दीन ओवैसी साहब की अगुवाई में इस बार लोकसभा चुनाव में पार्टी बहुत अच्छा रिजल्ट देगी। रसड़ा विधानसभा को और मजबूत करने के लिए पार्टी के वरिष्ठ साथी मुराद अहमद को प्रभारी मनोनीत किया गया है।

बैठक में जिला संगठन प्रभारी मो. नसीम खान, जिलाध्यक्ष राकेश गुप्ता, जिला प्रमुख महासचिव महताब आलम, जिला सचिव फरीद अहमद मुराद मौजूद रहे।, जिला संगठन मंत्री मुदास्सिर अंसारी, जिला सचिव दीपक यादव,जिला कोषाध्यक्ष अब्दुल्लाह अंसारी, जिला मीडिया प्रभारी अनीस अहमद, रामकुमार राजभर, छोटन राजभर, त्रिभुवन राम, संपत लाल मौजूद रहे।

दो बाइक में भिड़ंत, एक की मौत, तीन घायल

केटी न्यूज/मऊ

मोहम्मदाबाद चिरैयाकोट मार्ग स्थित भाईसा पुलिया के पास शुक्रवार की दोपहर करीब 1 बजे दो बाइक के बीच टक्कर में एक युवती की मौत हो गई जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार एक बाइक पर सवार 40 वर्षीय राम हरक एवं 35 वर्षीय उसकी पत्नी सुषमा निवासी देवरिया बुजुर्ग थाना मोहम्मदाबाद गोहाना चिरैयाकोट की तरफ जा रही थी कि पुलिया के पास दूसरी तरफ से आ रही एक बाइक ने टक्कर मार दी। इस बाइक पर 17 वर्षीय रहमान एवं 18 वर्षीय उस्मान थाना जंगीपुर जनपद गाजीपुर थे। इस हादसे में सुषमा की सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के दौरान मौत हो गई। वहीं गाजीपुर निवासी रहमान तथा उस्मान को गंभीर चोटिया आने पर तत्काल मौके पर पहुंची 108 नंबर एंबुलेंस कि चालक आलोक राय ,उमेश चंद एवं नीरज कुमार तथा राजेश कुमार ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल मौके पर पहुंचकर इन सभी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आए। घायलों की हालत गंभीर होने पर इन्हें जिला मुख्यालय रेफर कर दिया गया है।

बोरे में रखे गए 45 लाख रु. के कफ सिरप बरामद

मऊ। पुलिस अधीक्षक अविनाश पांडे के निर्देशन में चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के दौरान सरायलखन्सी थाना क्षेत्र के अदरी मोड़ के पास पुलिस ने एक ट्रक में आलू के बोरे के बीच छुपा कर ले जाए जा रहे भारी मात्रा में कफ सिरप बरामद किया है। इसकी अनुमानित कीमत लगभग 45 लाख रुपए है। यह एबॉर्ट कंपनी की एमसेडील सिरप है। इंग्र इंस्पेक्टर राघवेंद्र सिंह ने बताया कि अदरी मोड़ के पास बनारस से असम के लिए ले भारी मात्रा में कफ सिरप ले जाया जा रहा था। चालक को हिरासत में लेकर पूछता जारी है।

सामूहिक विवाह योजना के आवेदन पत्रों की हो गहनता से जांच: डीएम

केटी न्यूज/मऊ

जिलाधिकारी अरुण कुमार की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। इसमें जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए 1301 जोड़ों की शादी का लक्ष्य मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत रखा गया है। अब तक 250 जोड़ों हेतु बजट प्राप्त हो चुका है। जिसके क्रम में 27 जोड़ों के आवेदन भी अब तक प्राप्त हो चुके हैं।

जिलाधिकारी ने नए शासनादेश के अनुसार मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना हेतु अधिकृत संस्थाओं से ही इस कार्यक्रम को संपन्न कराने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने प्राप्त आवेदन पत्रों की गहनता से जांच करने को कहा। किसी भी स्तर पर फर्जी मामला सामने आने पर संबंधित सत्यापनकर्ता से वसूली कराए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने नवंबर में संभावित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम को देखते हुए अगले एक महीने के अंदर सारी आवश्यक कारवाइयां पूर्ण कर लेने के भी निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जिला समाज कल्याण अधिकारी को सामूहिक विवाह योजना का अधिक से अधिक प्रचार प्रसार करने एवं समय से सारी प्रक्रियाएं पूर्ण कर लेने को कहा जिससे योजना का लाभ लेने हेतु अधिक से अधिक जोड़े आवेदन कर सके।

शारदा नारायण हॉस्पिटल एवं रोटरी क्लब की ओर से रन फॉर हर्ट और जागरुकता गोष्ठी का आयोजन

पैदल चाल से हृदय का रखें विशेष ख्याल: डॉ. संजय सिंह

विश्व हृदय दिवस

केटी न्यूज/मऊ

जीवन आरंभ होने से लेकर अंत तक हृदय निरंतर कार्य करता रहता है। इसका रुक जाना ही जीवन का अंत है। अनियमित जीवनचर्या, खानपान में लापरवाही व तनाव के कारण युवाओं में तेजी से हृदय रोग बढ़ता जा रहा है। दिल की सुरक्षा के लिए रोज एक घंटा समय देना आवश्यक है। नियमित रुप से पैदल चलना, व्यायाम, संतुलित आहार के साथ तनावमुक्त जीवन ही हृदय की उम्र बढ़ाता है। डॉ संजय सिंह ने यह उक्त बातें विश्व हृदय दिवस के अवसर पर कहीं।

शुक्रवार को स्पोर्टस स्टेडियम में शारदा नारायण हास्पिटल एवं रोटरी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में वह बोल रहे थे। पूर्व एडीएम अरुण कुमार सिंह ने कहा कि तनावपूर्ण जिंदगी, धुम्रपान, शराब का सेवन हृदय को बीमार करता है। इसके प्रयोग से बचते हुए पैदल चलने के दौरान बातचीत नहीं करना चाहिए। रोटरी अध्यक्ष अजीत सिंह ने कहा कि नियमित रुप से एक घंटा व्यायाम करना चाहिए। सुरक्षित दिल ही बेहतर जीवन का आभार है।

क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट डॉ सुजीत सिंह ने आभार ज्ञापन करते हुए दिल की सुरक्षा की बारीकियों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम में कैथलैब स्पेशलिस्ट, गोल्ड मेडलिस्ट, डीएम कार्डियोलाजिस्ट डॉ दीपक राय को रोटरी क्लब द्वारा अंगवस्त्र प्रदान कर श्रेष्ठ युवा कार्डियोलॉजिस्ट का सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम में रन फॉर हर्ट के साथ सांस, शुगर एवं ब्लडप्रेशर की निःशुल्क जांच की गई।

वहीं शारदा नारायण हास्पिटल में आयोजित गोष्ठी में डॉ संजय सिंह, डॉ सुजीत सिंह, डॉ राहुल कुमार एवं डॉ रुपेश के सिंह ने सुरक्षित हृदय के संदर्भ में लोगों को जानकारी दी। निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 127 लोगों की जांच की गई। इस अवसर पर रोटरियन सौरभ बरनवाल, डा अजय सिंह, शैलेंद्र मिश्रा, खालिद, उप क्रीड़ाधिकारी मुकेश सब्बरवाल उपस्थित रहे।

खबरें फटाफट

बाइक पर तमंचा लहराते भाग रहे दो बदमाश गिरफ्तार

चंदौली। सदर कोतवाली पुलिस ने अमड़ा गांव के समीप शुक्रवार को बाइक पर तमंचा लहराते हुए भाग रहे दो बदमाशों को धर दबोचा। पुलिस ने दोनों को न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया। उक्त मामले का खुलासा सदर कोतवाल राजीव कुमार सिंह ने कोतवाली में किया। दरअसल सदर कोतवाली पुलिस वांछितों के धर पकड़ के लिए विभिन्न क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चला रही थी तभी अमड़ा गांव के पास बाइक पर दो बदमाश तमंचा लहराते हुए जा रहे थे। पुलिस ने तत्काल अमड़ा गांव के पास घेराबंदी कर दोनों को धर दबोचा। तलाशी के दौरान दोनों के पास से एक तमंचा 315 बोर व एक जिन्दा कारतूस व एक अदद खोखा व एक एयर पिस्टल बरामद हुआ। पूछताछ में दोनों ने अपना नाम माजिद पुत्र पीर मुहम्मद और दिलवर अली पुत्र मोलवी अली निवासी मद्धुपुर बताया।

युवती का यौन शौषण करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

चंदौली। पुलिस अधीक्षक डॉ अनिल कुमार के निर्देश जिले में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहा है।अभियान में शुक्रवार को सदर कोतवाली पुलिस ने युवती का यौन शौषण व आपत्तिजनक वीडियो बना किया वायरल करने वाले युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। दरअसल पुलिस वांछितों के खिलाफ जिले में लगातार चेकिंग अभियान चला रही है। इस दौरान कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि युवती का यौन शोषण व उसका वीडियो वायरल करने वाला युवक कचहरी के ऑटो स्टैंड पर मौजूद है और कहीं भागने के फिराक में है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने तत्काल घेरे बंदी कर उक्त युवक को धर दबोचा और उसको गिरफ्तार कर कोतवाली ले आई। पूछताछ में अभियुक्त अभियुक्त ने अपना नाम राजेंद्र विश्वकर्मा पुत्र संतु विश्वकर्मा निवासी-पचदेवरा थाना सैयदराजा बताया पुलिस ने मुकदमे के आधार पर उसको न्यायालय के समक्ष पेश कर जेल भेज दिया।

रतनपुरा-ठैचा मार्ग पर पियक्कड़ों का आतंक

मऊ। रतनपुरा कस्बा के बहुचर्चित नेता चौराहा से लगायत चमड़ा गोदाम तक 400 मीटर की दूरी के दायरे में पियक्कड़ों के आतंक से लोग परेशान हैं। बताया जाता है कि इस मार्ग पर स्थित देसी शराब की दुकान से नियम विरुद्ध प्रात:काल से ही शराब की बिक्री होती है। उसमें मदिरा प्रेमियों से अधिक पैसे लेकर उन्हें शराब उपलब्ध करा दी जाती है, और यह मदिरा प्रेमी आसपास के चापाकलों पर जाकर के इसका सेवन करते हैं। वहां पर गंदगी फैलाते हैं। शराब की खाली शीशी वहीं छोड़कर चले जाते हैं। मदिरा प्रेमी रिहायसदारो और दुकानदारों को परेशान करते हैं। आसपास के लोग इनकी नौटंकी से काफी परेशान रहते हैं।

पीएमओ में शिकायत और डीएम के निर्देश के बाद भी दुल्लहपुर पीएचसी में डॉक्टर की तैनाती नहीं

परेशानी-1

- चार माह से खाली है डॉक्टर का पद, लोगों हो रहे परेशान
- शहीद वीर अब्दुल हमीद अस्पताल का हाल बेहाल

केटी न्यूज/गाजीपुर

दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के परमवीर चक्र विजेता शहीद वीर अब्दुल हमीद के नाम पर बने अस्पताल में चार माह से रिक्त चल रहे चिकित्सक के पद पर तैनाती के लिए 12 दिन पूर्व आए आदेश के बाद भी अब तक चिकित्सक की तैनाती नहीं हो पाई। ग्रामीणों ने स्वास्थ्य विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि डीएम के निर्देश के बावजूद अस्पताल में चिकित्सक की तैनाती नहीं हो पाई है। पूर्व में नियुक्त चिकित्सक डॉक्टर राकेश रोशन का शासन के द्वारा स्थानांतरण मऊ जनपद में हो जाने के बाद चार माह से चिकित्सा का पद रिक्त पड़ा था।

इसे लेकर धामूपुर के गांव के समाजसेवी अनिकेत चौहान ने 24 अगस्त को पीएमओ को पत्र लिखकर परमवीर चक्र विजेता वीर अब्दुल हमीद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक के तैनाती की मांग की। जिस पर संज्ञान लेते हुए पीएमओ ने शीघ्र चिकित्सक की तैनाती का निर्देश दिया। इसके बाद जनपद के स्वास्थ्य विभाग से डॉक्टर की नियुक्ति का आदेश जारी कर दिया गया। हथियाराम मठ स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सक डॉ. अनूप राजभर की पीएचसी धामूपुर में सप्ताह में तीन दिन की तैनाती का आदेश जारी किया गया था, लेकिन 12 दिन बीत जाने के बाद भी अब तक अस्पताल पर चिकित्सक की नियुक्ति नहीं होने से परेशान हैं।

जनपद व ब्लॉक मुख्यालय का चक्कर लगा रहे लोग

ग्रामीणों ने कहा कि इस समय डेंगू, मलेरिया, टाइफाइड बीमारी का प्रकोप काफी तेजी से चल रहा है। लेकिन क्षेत्र के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर चिकित्सक न होने से ग्रामीण इलाज के लिए परेशान हैं। वहीं ऐसे में लोग प्राइवेट चिकित्सक के पास जाने को मजबूर हैं। जनपद मुख्यालय और ब्लॉक मुख्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है। समाजसेवी अनिकेत चौहान ने बताया कि तैनाती के लिए कई बार पत्र लिखा गया है, लेकिन स्वास्थ्य विभाग अनसुना कर दे रहे हैं।

ग्रामीण क्षेत्र में दम तोड़ रहा स्वच्छ भारत मिशन, लोग खुले में शौच को हैं मजबूर

परेशानी-2

गाजीपुर। जखनियां विकास खंड के जफरपुर गांव में 2018 से 2020 में पीएम नरेंद्र मोदी ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत हर घर शौचालय के निर्माण स्वरूप 12000 का लाभ दिया गया। लेकिन शौचालय ठेकेदारी पर देने और बिचौलियों के चलते इसकी चाहरदीवारी जोड़कर पैसे का बंदरबांट किया। जिसका नतीजा रहा कि आज भी लोग खुले में सड़क पर ही शौच कर गंदगी फैला रहे हैं। सड़क से गुजरने वाले राहगीरों व शिक्षा ग्रहण करने वाले बच्चे मुंह पर रूमाल रख सड़क पार करते हैं। आज भी शौचालय ढांचा के रूप में खड़ा है उसमें झाड़ियां उग आई हैं। त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में श्रीकेश गोड ने प्रधानी जीतकर 250 शौचालय का ओडीएफ पल्स के तहत आवेदन दिया गया, लेकिन आज तक शौचालय का बजट पास नहीं हुआ। कुछ लोग झोरिया राज मार्ग से छ्तमा, तालभीतर, सोम्मरबारी, नवपूरवा, जलालाबाद से मरदह मार्ग में मिलती है। इस सड़क पर गंदगी होने से राहगीरों को परेशानी होती है।

अपनी रिश्तेदारी में हुई मारपीट का मामला लेकर बिरनो थाना पहुंचे थे ग्राम प्रधान

बिरनो के थानाध्यक्ष ने ग्राम प्रधान को जड़ा थप्पड़, प्रधान संघ ने थाने में की नारेबाजी

- प्रधान संगठन ने एसपी से मिलकर एसओ पर कार्रवाई की मांग की
- मामला तूल पकड़ने के बाद थानाध्यक्ष ने चंद प्रधानों के सामने मांगी माफी, प्रधान संघ कार्रवाई पर अड़ा

केटी न्यूज/गाजीपुर

बिरनो थानाध्यक्ष की करतूत से ग्राम प्रधान संघ आक्रोशित हैं। एसओ ने खुलेआम गुंडागर्दी की और ग्राम प्रधान को कई थप्पड़ जड़ दिए। घटना के बाद बवाल बढ़ते देख कुछ ग्राम प्रधानों के सामने माफी मांगकर मामले को दबाना चाहा। लेकिन बिरनो थानाध्यक्ष की इस करतूत को लेकर आक्रोशित प्रधानों ने थाना परिसर में थानाध्यक्ष मुदार्बाद के नारे लगाए। प्रधानों ने थानाध्यक्ष को बर्खास्त करो, थानाध्यक्ष चोर है, जनप्रतिनिधियों को अपमानित करने वाले को सजा दो, इसका रिमोट किसी और के हाथ में है आदि के नारे लगाए। मरदह ब्लाक के प्रधान संगठन व बिरनो प्रधान संगठन की बाहर खड़ी भारी संख्या में भीड़ देखकर थानाध्यक्ष मौके से फरार हो गए। थानाध्यक्ष की दबंगई की चर्चा ज्यों ही अन्य ग्राम प्रधानों को हुई वह बिरनो थाना परिसर में कुछ ही मिनट बाद पहुंचने लगे।

घंटों इंतजार करने के बाद कमरे से निकले थाना प्रभारी

जंगीपुर थाने के चकताजुद्दीन (ब्रह्मस्थान) के ग्राम प्रधान सुरेश सिंह यादव ने बिरनो थाना क्षेत्र के मर्दानपुर गांव में अपनी रिश्तेदारी में हुई मारपीट के मामले को लेकर बिरनो थाने आए थे। घंटों इंतजार करने के बाद थाना प्रभारी अपने कमरे से बाहर निकले और क्षेत्र भ्रमण के लिए गाड़ी में जाकर बैठने लगे। तभी ग्राम प्रधान सुरेश सिंह यादव थानाध्यक्ष के पास पहुंचे और अपनी बात बतानी चाही। वह अपनी पूरी बात भी नहीं कह पाए तब तक अचानक थानाध्यक्ष ने ग्राम प्रधान को दो -चार थप्पड़ जड़ दिया। पुलिसिया रूवाब में कहा गलत पैरबी करते हो ,गलत लोगों का साथ देते हो. ऐसे शब्दों का उच्चारण करते हुए वह ग्राम प्रधान को लोगों के बीच अपमानित किया। उधर थप्पड़ खाए ग्राम प्रधान के समर्थन में पूरे ब्लाक के आक्रोशित ग्राम प्रधान भारी संख्या में थाना परिसर में पहुंचे और मुदार्बाद के नारे लगाने लगे।ग्राम प्रधान संघ उच्चाधिकारियों को मौके पर बुलवाने की मांग करने लगे। इसके बाद माहौल को बिगड़ता देख जानकारी मिलते ही बिरनो थानाध्यक्ष वापस थाने पर आए। थानाध्यक्ष कार्यालय में बहस होने लगी।

जनप्रतिनिधि के साथ ऐसा बुरा सलूक बर्दाश्त नहीं: जिलाध्यक्ष

जिलाध्यक्ष जोगी यादव ने कहा मैं प्रधान हूं. मुझे जनता ने चुना है। हम थाने पर अपने लोगों की अगर समस्या है, तो क्या नहीं कह सकते। इसके लिए जनप्रतिनिधियों को अपमानित किया जाएगा। उन्होंने थानाध्यक्ष को खरी खोटी सुनाई और कहा जनप्रतिनिधियों को पीटने का अधिकार किसने दिया है? जनप्रतिनिधि के साथ ऐसा व्यवहार कतई प्रधान संगठन बर्दाश्त नहीं करेगा। शुक्रवार को सरयू पांडेय पार्क में प्रधान संगठन के लोग एकत्रित हुए और एक साथ चलकर कार्यालय पहुंचकर पुलिस कप्तान से मिलकर थानाध्यक्ष के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई करने के संबंध में पत्रक सौंपा। पुलिस अधीक्षक ने 24 घंटे में बिरनो थानाध्यक्ष सैलेश कुमार मिश्रा के खिलाफ कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। तब जाकर प्रधान संगठन शांत हुआ।

पत्रक देने वालों में ग्राम प्रधान संघ के जिला कार्यकारी अध्यक्ष सचिंद्र नाथ सिंह लल्लन, प्रधान संघ के जिला महासचिव विनोद गुप्ता, जिला सचिव शशिधर यादव, अभिमन्यु सिंह मन्नू, आकाश राजभर, प्रधान संघ ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र यादव उर्फ पप्पू, धर्मेंद्र शर्मा, नागेंद्र कुशवाहा ,रामनवल यादव, अवधेश यादव ,धनंजय प्रजापति, शिवकुमार यादव, दुर्गविजय राजभर, कार्तिक राम शामिल थे।

एक नजर

काजीपुर में देश की रक्षा की खातिर बलिदान देने वाले वीरों का किया गया वंदन

चंदौली। नेहरू युवा केन्द्र चंदौली के तत्वावधान में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम स्तरीय कलश यात्रा, पंच प्रण शपथ एवं वीरों का वंदन कार्यक्रम का आयोजन विकास खंड बरहनी के ग्राम पंचायत काजीपुर में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख महेंद्र सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने देश की रक्षा हेतु अपना बलिदान करने वाले सैनिकों का वंदन करते हुए युवाओं से अपील किया कि वे इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम में अपना योगदान करते हुए प्रत्येक गांव में मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम का कलश यात्रा निकाले। तदोपरांत प्रमुख क्षेत्र पंचायत ने युवाओं एवं विद्यालय के छात्र छात्राओं के बीच पंच प्रण की शपथ दिलाई। तत्पश्चात कलश यात्रा ब्लॉक प्रमुख एवं नेहरू युवा केन्द्र चंदौली के उपनिदेशक अनिल कुमार सिंह द्वारा गांव के गली गली के हर परिवार में कलश पूजन एवम मिट्टी तथा चावल कलश में डाला गया। इससे पूर्व नेहरू युवा केन्द्र चंदौली के उपनिदेशक अनिल कुमार सिंह ने दो माह तक चलने वाले मेरा माटी मेरा देश कार्यक्रम के उद्देश्य एवं कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। सभी के प्रति आभार नेहरू युवा केन्द्र चंदौली के लेखा एवं कार्यक्रम सहायक प्रीति श्रीवास्तव ने व्यक्त किया। गंगा यादव, जंग बहादुर, प्रिया ,विनोद कुमार जायसवाल एवं पवन कुमार यादव ने विचार प्रस्तुत किए।

विभाग की छवि धूमिल करने वालों के खिलाफ कार्रवाई के लिए सीएमओ ने लिखा पत्र

गाजीपुर। स्वास्थ विभाग और फार्मासिस्ट ड्रग वेयरहाउस के खिलाफ बीते दिनों कूटरचित एवं भ्रामक पोस्ट लगाकर छवि धूमिल किए जाने के मामले को लेकर मुख्य चिकित्साधिकारी के द्वारा पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराए जाने का पत्र पुलिस अधीक्षक को सौंपा गया। फार्मासिस्ट ड्रग वेयरहाउस मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय बुद्धिलाल ने बताया कि 22 सितंबर की रात करीब दस बजे अश्वनी यादव निवासी मोहनपुरवा एवं अन्य पांच लोग उनकी छवि धूमिल करने के उद्देश्य से भ्रामक पोस्ट छपवाकर सीएमओ कार्यालय, सीएमओ निवास, जिला चिकित्सालय, विकास भवन सहित कई अन्य जगहों पर लगाया गया। रात्रि लगभग एक बजे उनके आवास पर जाकर उनको एवं उनकी पत्नी को गालियां दी गई। इसको लेकर 23 सितंबर को डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन एवं अन्य कर्मचारियों के द्वारा पत्र मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंपा गया। इसके पश्चात मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. देश दीपक पाल ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए मुकदमा दर्ज कराए जाने के संबंध में पत्र एसपी गाजीपुर को लिखा है। पत्र सौंपने वालों में ओंकारनाथ पांडेय अध्यक्ष डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन, रमेश राम मंत्री डिप्लोमा फार्मासिस्ट एसोसिएशन, मनोज यादव अध्यक्ष वाहन चालक, अनिल चौबे, राघवेंद्र सिंह मौजूद रहे।

जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के पुत्र ने वरिष्ठ पत्रकारों को किया सम्मानित

गाजीपुर। जखनियां तहसील अंतर्गत माता तेतरा देवी सच्चिदानंद गर्ल्स डिग्री कॉलेज में वरिष्ठ पत्रकारों को जम्मू एंड कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के पुत्र अभिनव सिंह ने अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर किया सम्मानित। इस मौके पर एलजी पुत्र अभिनव सिन्हा ने कहा कि देश के चौथे स्तंभकारों का समाज में बहुत ही महत्वपूर्ण योगदान है। पत्रकार समाज का दर्पण होता है और अपने खबरों को समाज के सामने पारदर्शिता पूर्वक परोसता है। देश के चौथे स्तंभ ने भारत को आजादी दिलाने में भी अहम भूमिका निभाई। आज के प्रवेश में पत्रकारिता जगत में कड़ी मेहनत के साथ वरिष्ठ पत्रकारों ने समाज में जो आए दिन लोगों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाकर उच्चाधिकारियों तक भेज कर समस्या का हल करते हैं। ऐसे ही पत्रकारों की समाज में जरूरत है। प्रधान प्रतिनिधि सवानंद सिंह ने कहा कि जखनियां के पत्रकार हर खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित करके समाज के सामने परोसने का कार्य करते हैं। यह काफी सराहनीय है। इस मौके पर अटल सिंह, शमीम अहमद, गोपाल पांडे, सुरेश पांडे, उपेंद्र कुमार, पन्नालाल, वेद पांडे ,कमलेश यादव, रमेश सोनी आदि लोग मौजूद रहे।

कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में पेंटिंग, मेहंदी एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

गाजीपुर। जनपद में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में पेंटिंग प्रतियोगिता मेहंदी प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसके साथ ही किशोरी एनीमिया से बचाव तथा बाल विवाह एवं बाल शोषण जैसे विषयों पर महिला कल्याण विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित हुए। प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रही बच्चियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार भी दिया गया। जिला प्रोवेशन अधिकारी संजय कुमार सोनी के निर्देश पर महिला कल्याण अधिकारी नेहा राय द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नंदगज में बस से कुचलकर बाइक सवार युवक की मौत, घर में मातम

केटी न्यूज/गाजीपुर

नंदगज थाना क्षेत्र के धरवां गांव अंतर्गत गैस गोदाम के पास शुक्रवार की शाम गाजीपुर से वाराणसी जा रही बस से कुचलकर एक बाइक पर सवार तीन युवकों को गंभीर चोट आई। घायल हो गए। हादसा इतना भयंकर था कि एक युवक की मौके पर मौत हो गई। जबकि अन्य दोनों युवक अस्पताल एवं वाराणसी जाते समय दम तोड़ दिए। मौत की खबर मिलते ही उनके परिवार में रुदन-क्रंदन शुरू हो गया।

इलाके के महराजगंज निवासी तीनों युवक राहुल बिंद (22), गोविंदा बिंद (23) और पारस बिंद (21) एक ही बाइक से नंदगज सोहराब बाबा के यहाँ दर्शन करने आए थे। दर्शन करके वापस घर जा रहे थे कि धरवा गैस गोदाम के पास पिकप को ओवरटेक करने में गाजीपुर से वाराणसी जा रही बस के नीचे आ गए। जिससे बाइक सवार तीनों युवक बस से कुचलकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में राहुल की मौके पर ही मौत हो गई। उधर ग्रामीणों ने दोनों घायलों को जिला अस्पताल भेज दिया, जहाँ अस्पताल जाते समय गोविंदा की भी रास्ते में मौत हो गई। घटना से गांव में मातम का माहौल पसरा गया। पुलिस अग्रिम कार्रवाई में जुटी हुई थी। तभी तीसरे साथी को गंभीर हालत में वाराणसी रेफर किया गया था और उसके भी करने की सूचना परिजनों को मिली। घर में जहां रूदन-क्रंदन जारी है, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई।

आज जनप्रतिनिधियों का पुतला फूंकेंगे वकील

केटी न्यूज/चंदौली

जिला एवं न्यायालय निर्माण संघर्ष समिति की ओर से जिला न्यायालय एवं जिला मुख्यालय निर्माण का आंदोलन अनवरत 77वें दिन गुरुवार को भी जारी रहा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने राष्ट्रगान के बाद चंदौली कचहरी परिसर का चक्रमण किया और चंदौली के जनप्रतिनिधियों व जिला प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

कार्यकारी अध्यक्ष धनंजय सिंह ने कहा कि न्यायालय निर्माण संघर्ष समिति का अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन 77वां दिन बीतने के बाद भी शासन-प्रशासन व कोई भी जनप्रतिनिधि धरनास्थल पर आकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं किया, जबकि सत्तापक्ष के जनप्रतिनिधियों का कर्तव्य है कि जिले की समस्या को सदन में उठाएं और विकास कार्यों को गति प्रदान करें। इसलिए जनता उन्हें अपना जनप्रतिनिधि चुनती है। चुने हुए जनप्रतिनिधि अपने को सांसद विधायक न मानते हुए खुद को विधाता समझते हैं। लेकिन उनको ज्ञात नहीं है कि विधाता आमजनता है। कहा कि दिनांक 30 सितंबर को कचहरी में सत्ता पक्ष के जनप्रतिनिधियों का पुतला फूंका जाएगा।

चन्द्रभूषण यादव ने कहा कि अधिवक्ता चंदौली के विकास व उसके अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं। अधिवक्ताओं के आंदोलन एवं तमाम प्रयास के बावजूद राजनेता व अधिकारी स्थानीय जनता को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। सत्येंद्र कुमार बिंद ने कहा कि अधिवक्ताओं की पदयात्रा लखनऊ होते हुए कन्नौज पहुंच चुकी है। इस दौरान जगह-जगह पर स्थानीय लोगों का पदयात्रा में शामिल अधिवक्ताओं में भरपूर समर्थन मिल रहा है। कन्नौज बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय कुमार सारस्वत व महासचिव सत्येंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में कन्नौज के अधिवक्ताओं ने चंदौली के पदयात्रियों का स्वागत एवं सम्मान किया। साथ ही चंदौली के हक में लड़ाई लड़ने की बात कही। यह भी बताया कि इस बाबत एक पत्रक बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश एवं प्रधानमंत्री के साथ ही मुख्यमंत्री को प्रेषित किया जाएगा।

रामगढ़ में श्रीराम चंद्र जी का मुकुट पूजा संपन्न, नवरात्रि पर राम रावण युद्ध, रावण दहन व भरत मिलाप का होगा मंचन

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ रामलीला के संचालन का लिया संकल्प

केटी न्यूज/चहनियां (चंदौली)

चहनियां क्षेत्र के रामगढ़ गांव की 10 दिवसीय मंचित होने वाली श्रीरामलीला का श्री रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित मुकुट पूजन के साथ श्रीगणेश हो गया। क्षेत्रीय सांस्कृतिक कलाकार महानंद तिवारी ,मुन्ना पाण्डेय,मुन्ना पाण्डेय लोलपुर द्वारा रामायण पाठ, भजन कीर्तन तथा वैदिक मंत्रों उच्चारण के साथ विधि-विधान पूर्वक मुकुट पूजन किया गया।

लोकनाथ महाविद्यालय के प्रबंधक व रामलीला समिति के संरक्षक धनञ्जय सिंह ने रामलीला व दशहरा पर लगने वाले विशाल मेले को सफल बनाने का संकल्प लिया। लोकनाथ महाविद्यालय के प्रबंधक धनञ्जय सिंह ने बताया कि रामगढ़ की सुप्रसिद्ध रामलीला लगभग 151 वर्ष से मनाई जा रही है। इस वर्ष नवरात्रि की शुरूआत से रामलीला मंचन व दशहरा पर बाबा कीनाराम मठ के सामने राम रावण युद्ध, रावण पुतला दहन तथा अगले दिन भरत मिलाप का मंचन कार्यक्रम होगा। शारदीय नवरात्र के शुभ अवसर पर श्रीराम की लीला राम जन्म से लेकर श्री राम के राजगद्दी तक चलता है। विजय दशमी पर लंका दहन दूसरे दिन भरत मिलाप तथा अंतिम दिन राजगद्दी के साथ रामलीला का समापन होगा। श्री रामलीला कमेटी के ब्यास शोभनाथ पांडेय ने बताया कि राम-लक्ष्मण और सीता आदि प्रमुख पात्र स्थानीय ब्राम्हण हैं। गांव व क्षेत्र के लोग रामलीला कराने में उत्साह पूर्वक अपनी सहभागिता सुनिश्चित करते हैं। इस अवसर पर धनञ्जय सिंह, प्रभुनारायण सिंह,रोहिणी पाण्डेय, प्रधान रमाकांत यादव, ओमप्रकाश यादव, डॉ संजय त्रिपाठी, रणधीर सिंह, संतोष पाण्डेय, अजित सिंह, व्यास शोभनाथ पाण्डेय, राधेश्याम पांडेय, सुदामा पांडेयप, प्रभुनाथ पाण्डेय, राजकुमार सिंह, राजेश सिंह अमृत प्रकाश सिंह, ऋषिकेश यादव, मुलायम यादव,रामकृपाल सिंह, अवधेश सिंह, त्रिभुवन सिंह, राजेश कुशवाहा, राकेश यादव,संदीप पाटिल, जय सिंह, अकरम अली, मुकेश साहनी,अशोक मौर्य, रफीअहमद आदि उपस्थित रहे।

पूजा पंडाल निर्माण के लिए हुआ भूमि पूजन

चकिया (चंदौली)। श्री दुर्गा पूजा समिति महाराज किला के पदाधिकारी व सदस्यों ने गुरुवार की देर शाम समिति के अध्यक्ष सुनील मद्धेशिया के नेतृत्व में पूजा पंडाल स्थल के पास वैदिक मंत्रों के साथ पूजा पंडाल के लिए भूमि पूजन किया गया। श्रीश्री दुर्गा पूजा समिति महाराजा किला के अध्यक्ष सुनील मद्धेशिया ने समिति के तमाम पदाधिकारी व कार्यकताओं के साथ बृहस्पतिवार को महाराजा किला के पास पूजा पंडाल निर्माण के पूर्व बृहस्पतिवार को विद्वान ब्राह्मण मंगला त्रिपाठी के द्वारा वैदिक मंत्रों के साथ विधि विधान से पूजा पंडाल निर्माण के लिए भूमि पूजन का कार्य किया।